R.N.I. : UPHIN/2012/52437
Website : www.mantrabharat.com
संस्करण : प्रयागराज
वर्ष : 14
अंक : 359
पृष्ठ : 8
मूल्य : 1.00
सोमवार, 08 सितम्बर, 2025

जुनून है सच लिखने का

# मंत्र भारत

हिन्दी दैनिक

प्रयागराज, लखनऊ, ग्वालियर एवं मुम्बई से एक साथ प्रकाशित एवं प्रतापगढ़, कौशाम्बी, भदोही, मिर्जापुर, वाराणसी, आजमगढ़ व गोरखपुर से प्रसारित

डाक पंजीयन संख्या : एल-2/9/रजि0/एडी0/119/15-17



3 बनिया पंजाबी दा चस्का'' रेस्टोरेंट का मंत्री नन्दी ने ... 5 जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न परीक्षा ... 7 कभी पैसों की बचत करने के लिए बस से ट्रेवल ...

## बच्चे की गवाही विश्वसनीय हो तो आरोपी को दोषी करार दिया जा सकता है : उच्च न्यायालय

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 2017 में 10-वर्षीय एक बच्ची के साथ बलात्कार के मामले में एक व्यक्ति की 12 साल की जेल की सजा को बरकरार रखते हुए कहा कि पीड़िता की गवाही विश्वसनीय है तथा केवल इसी आधार पर दोषसिद्धि भी हो सकती है। न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी ने मामले में दोषी करार दिये गए टोनी नाम के व्यक्ति की अपील तीन सितंबर को खारिज




करते हुए यह आदेश पारित किया। न्यायाधीश ने कहा, ''कानून की स्थापित स्थिति यह है कि भले ही पीड़िता घटना की एकमात्र गवाह हो, अगर उसकी गवाही विश्वसनीय और भरोसेमंद पाई जाती है, तो दोषसिद्धि बरकरार रखी जा सकती है। अगर पीड़ित बच्ची की गवाही विश्वसनीय है, तो दोषसिद्धि उसी के आधार पर हो सकती है।''

प्राथमिकी के अनुसार, दोषी व्यक्ति बच्ची के स्कूल के पास फर्नीचर की एक दुकान में काम करता था तथा पीड़िता को चाउमीन और कचौड़ी जैसी खाने की चीज़ों का लालच देकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया था। इसके अलावा, व्यक्ति ने धमकी दी थी कि अगर उसने किसी को इस बारे में बताया तो वह उसे ''नाले में डुबो देगा या लकड़ी की तरह टुकड़े-टुकड़े कर देगा।'' न्यायाधीश ने कहा कि बच्ची का बयान एक समान और विश्वसनीय रहा तथा व्यक्ति जिरह के दौरान उसकी गवाही को झुठला नहीं सका।

## हरियाणा में 1.69 लाख बाढ़ प्रभावित किसानों ने फसल नुकसान के दावे के लिए किया पंजीकरणः सैनी

चण्डीगढ़ **(एजेंसी)**। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को कहा कि राज्य में 9.96 लाख एकड़ फसल के नुकसान के लिए क्षतिपूर्ति का दावा करने के लिए कुल 1.69 लाख किसानों ने वेब पोर्टल पर पंजीकरण कराया है।

किसानों को जलभराव और हाल ही में आई बाढ़ से हुई फसल क्षति के लिए दावा दर्ज करने में सुविधा प्रदान करने को ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खुला रखा गया है। इस पोर्टल के माध्यम से किसान अपनी फसलों को हुए नुकसान का विवरण अपलोड कर सकते हैं और मुआवजे का दावा दायर कर सकते हैं।



सैनी ने कहा कि राज्य सरकार पूरी तरह से उन किसानों के साथ खड़ी है जो हरियाणा के कई हिस्सों में बाढ़ के कारण कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। रविवार को पंचकूला में मुख्यमंत्री ने पंजाब और हिमाचल प्रदेश के लिए राहत सामग्री से भरे ट्रकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए सैनी ने कहा कि प्राकृतिक आपदा पर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा, ''कुछ लोग राजनीति करते हैं। लेकिन लोगों की सेवा करना हमारा कर्तव्य है।'' एक सवाल के जवाब में सैनी ने कहा कि हरियाणा के निचले इलाकों में जलभराव है। उन्होंने कहा, मैंने कल कई लोगों से मुलाकात की और आज भी मैं और लोगों से मिल रहा हूं। मैंने सभी से इस प्राकृतिक आपदा का मिलकर सामना करने की अपील की है। सैनी ने कहा, ''ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल के माध्यम से 1, 69, 738 किसानों ने 9, 96, 701 एकड़ भूमि पंजीकृत कराई है। पोर्टल खुला है। हम किसानों के साथ हैं।

## पुलिस अधिकारियों ने इस्लामिक झंडा लेकर लगाए धार्मिक नारे, विवाद बढ़ा! तो डीआईजी ने लिया एक्शन

भोपाल **(एजेंसी)**। मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में ईद मिलादुन्नबी के मौके पर निकाले गए जुलूस ने पुलिस महकमे में हलचल मचा दी। 5 सितंबर शुक्रवार को मुस्लिम समुदाय द्वारा हजारों की संख्या में एक विशाल जुलूस निकाला गया। इस दौरान शहर के डाकखाने चौराहे पर पुलिस के कुछ अधिकारी, जिनमें एसडीओपी नवीन दुबे और छतरपुर ट्रैफिक प्रभारी बृहस्पति साकेत, घोड़े पर सवार होकर हाथों में इस्लामिक झंडे लिए दिखाई दिए। जुलूस के दौरान पीछे से लोग नारा-ए-तकबीर के नारे लगाने लगे। इस पर एसडीओपी नवीन दुबे और बृहस्पति साकेत ने भी नारे लगाए और झंडे लहराए। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिससे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। वीडियो के वायरल होने के बाद डीआईजी ललित शाक्यवार ने वीडियो में दिखाई दे रहे अधिकारियों को फटकार लगाई। इसके साथ ही जांच के लिए एक टीम भी बनाई गई है। मामले में एसपी अगम जैन ने बताया कि वीडियो में दिखाई दे रहे पुलिस अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। नोटिस का जवाब आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



## ट्रंप कायर और बुजदिल है, हम आपके साथ हैं, भारत को 75 फीसदी टैरिफ लगाना चाहिए केजरीवाल की पीएम मोदी से खास अपील

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए 50इ टैरिफ के जवाब में 100इ टैरिफ लगाने की मांग की है। साथ ही, अमेरिकी कपास पर आयात शुल्क हटाने के फैसले को किसानों के साथ 'धोखा' करार दिया। केजरीवाल ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को 'कायर' और 'बुजदिल' बताते हुए पीएम मोदी को 'भीगी बिल्ली' की संज्ञा दी। उन्होंने कहा कि भारत 140 करोड़ लोगों का देश है और पूरा देश इस मुद्दे पर पीएम के साथ है।

केजरीवाल ने आरोप लगाया कि पीएम मोदी ने अमेरिकी दबाव में आकर अमेरिकी कपास पर लगने वाली 11इ आयात ड्यूटी को हटा दिया, जिससे भारतीय किसानों को भारी नुकसान होगा। उन्होंने कहा, 'पिछले कुछ दिनों में पीएम मोदी ने चुपके से ऐसे फैसले लिए हैं, जो देश के किसानों के साथ धोखा हैं। 90-95इ किसानों को अभी तक पता ही नहीं कि क्या हो गया। जब ये फैसले सामने आएंगे, तो किसानों के पास आत्महत्या के अलावा कोई रास्ता नहीं बचेगा।'

उन्होंने बताया कि 19 अगस्त से 30 सितंबर 2025 तक 40 दिनों के लिए अमेरिकी कपास पर ड्यूटी हटाई गई है। इससे अमेरिकी कपास भारतीय कपास से 15-20 रुपये प्रति किलो सस्ती हो गई है। केजरीवाल ने कहा, 'अक्तूबर में जब भारतीय किसानों की कपास मंडियों में आएगी, तब तक टेक्सटाइल इंडस्ट्री सस्ती अमेरिकी कपास खरीद चुकी होगी। भारतीय किसानों की कपास बिकेगी ही नहीं। यह किसानों के साथ बहुत बड़ा धोखा है।' आप प्रमुख ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को 'कायर' और 'बुजदिल' करार देते हुए कहा कि जिन देशों ने ट्रंप के सामने हिम्मत दिखाई, वहां ट्रंप को झुकना पड़ा। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा, 'यूरोपीय यूनियन, चीन, कनाडा और मैक्सिको ने ट्रंप के टैरिफ का जवाब कड़े टैरिफ से दिया, जिसके बाद ट्रंप को पीछे हटना पड़ा। लेकिन पता नहीं पीएम मोदी की क्या मजबूरी है कि वह ट्रंप के सामने भीगी बिल्ली बने हुए हैं।'



केजरीवाल ने जोर देकर कहा कि अमेरिका के 50इ टैरिफ के जवाब में भारत को 100इ टैरिफ लगाना चाहिए। उन्होंने कहा, 'क्या हम कमजोर देश हैं? हम 140 करोड़ लोगों का देश हैं। हमारी मार्केट बहुत बड़ी है। कोई भी देश भारत की नाराजगी बर्दाश्त नहीं कर सकता। अगर हम हिम्मत दिखाएं, तो ट्रंप को झुकना पड़ेगा।' उन्होंने पीएम मोदी से सवाल किया कि वह ट्रंप के सामने क्यों झुके हुए हैं और पूरे देश को इसका जवाब चाहिए। केजरीवाल ने यह भी कहा कि यह रोजगार और उद्योगों के साथ-साथ देश के सम्मान का सवाल है, और 140 करोड़ लोग इस मुद्दे पर पीएम के साथ हैं।

केजरीवाल ने उद्योगपति गौतम अडानी का नाम लेते हुए तंज कसा और कहा कि इस फैसले के पीछे कुछ 'मजबूरियां' हो सकती हैं। उन्होंने यह भी ऐलान किया कि आप 7 सितंबर 2025 को गुजरात के चोटिला में एक विशाल रैली आयोजित करेगी, जहां इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया जाएगा। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों और किसान संगठनों से इस रैली में शामिल होने की अपील की।

## केरल के मुख्यमंत्री ने विभाजनकारी ताकतों के खिलाफ आगाह किया

कोच्चि **(एजेंसी)**। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने रविवार को आगाह किया कि कुछ स्वार्थी लोग समाज में सांप्रदायिक भावना फैलाकर फूट डालने की जानबूझकर कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने फेसबुक पर पोस्ट में कहा, ''कुछ लोग यह प्रचार करते हैं कि जाति मानवता से बड़ी है और केरल जैसे राज्य में भी ऐसे विचार जोर पकड़ रहे हैं, जबकि इस राज्य ने एक समय धर्म और जाति के कारण फैले अंधविश्वास एवं कुप्रथाओं को जड़ से खत्म कर दिया था।'' विजयन ने यह बात 20वीं सदी के संत और समाज सुधारक श्री नारायण गुरु की 171वीं जयंती पर उन्हें याद करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने फेसबुक पर अपने पोस्ट में गुरु को महान सुधारक के रूप में याद किया, जिन्होंने लोगों को ज्ञान के माध्यम से एकजुट होने और शिक्षित होने तथा जाति-धर्म से ऊपर उठने का संदेश दिया। विजयन ने कहा कि हालांकि आजकल सांप्रदायिक ताकतें नारायण गुरु की विरासत को अपने नाम करने की कोशिश कर रही हैं। वामपंथी नेता ने गुरु को ऐसे सुधारक के रूप में याद किया, जिन्होंने उच्च जाति के वर्चस्व और सामाजिक बुराइयों पर खुलकर सवाल उठाए और जाति के आधार पर होने वाले अत्याचारों तथा आर्थिक शोषण के खिलाफ दृढ़ता से विरोध किया। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''श्री नारायण गुरु की जयंती पर, हम महान सुधारक को याद कर रहे हैं, जिन्होंने हमें एकता, जाति-धर्म से ऊपर उठने का संदेश दिया। मानवता को एक मानने का उनका दृष्टिकोण आज भी केरल के पुनर्जागरण को प्रेरित करता है और हमें विभाजनकारी ताकतों से लड़ने की प्रेरणा देता है।




## अश्विनी वैष्णव ने जीएसटी सुधार की सराहना की, कहा- देश के 140 करोड़ लोगों के लिए एक नई खुशी लेकर आएगा

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि बजट में आयकर की सीमा में छूट और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों से मध्यवर्गीय परिवारों को बचत के साथ बड़ा लाभ मिलने वाला है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी एवं सांसद अनिल बलूनी ने कहा कि जीएसटी सुधारों को जनता तक पहुंचाने के लिए पार्टी ने कार्ययोजना तैयार की जिसके तहत देश के जिलों में चौपाल लगाकर जन-जन को होने वाले फायदे की जानकारी दी जाएगी।

केंद्रीय मंत्री ने भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मध्यवर्गीय परिवार के प्रति निष्ठा का भाव हम सभी को समय-समय पर दिखाई देता है, इसी कड़ी में मध्यम वर्ग के लिए आयकर में छूट की सीमा 12 लाख रुपए तक करना और उसके बाद व्यापक पैमाने पर जीएसटी में सुधार किया है। यह सुधार करके श्री मोदी ने मध्यम वर्गीय परिवारों को बहुत बड़ी राहत देने के साथ बहुत बड़ा तोहफा दिया है। उन्होंने कहा कि जरुरत की सारी वस्तुओं पर जीएसटी कम किया गया है। इससे रोटी, कपड़ा और मकान... तीनों पर करों का बोझ कम हुआ है।

आज इलेक्ट्रॉनिक्स की कई तरह की चीजें हर घर में उपयोग में लायी जाती हैं। सोलर पैनल से लेकर मोबाइल फोन तक... जीएसटी में सुधार से इन सभी चीजों के दामों का बोझ कम होगा। वैष्णव ने कहा कि जीएसटी सुधारों का काम डेढ़ साल पहले अमेरिका में होने वाले चुनाव से पहले शुरू हुआ था, प्रधानमंत्री का सीधा संदेश रिफॉर्म, फरफार्म ट्रांसफार्म अब देश में सुधारों को आगे ले जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने



जीएसटी सुधारों पर स्पष्ट तौर पर निर्णय लेने के साथ ही इस बात को भी सुनिश्चित करने को कहा है कि इन सुधारों का लाभ आम जनता सीधे तौर पर अवश्य पहुंचे।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जीएसटी में जिस तरह के सुधार हुए हैं, ये सुधार हमारे देश के 140 करोड़ देशवासियों के जीवन में एक बहुत बड़ी राहत लेकर आए हैं। उन्होंने कहा कि आप सभी को मालूम है कि 2014 से पहले कांग्रेस के समय में टैक्स का एक ऐसा मकड़जाल था, जिसके कारण हर वस्तु पर कई तरह के टैक्स होने के कारण साधारण परिवार पर, आम आदमी और मध्यमवर्गीय परिवार पर बोझ बन गया था। वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जीएसटी की दरों में कमी लाकर जिस तरह का सुधार लाया है इससे देश के जन-जन में को बहुत अधिक फायदा मिलने के साथ बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले की प्राचीर से देश को जीएसटी सुधार का विश्वास दिलाया था और उस संकल्प को उन्होंने साकार करके दिखाया।

### *एनडीए की वर्कशॉप में आखिरी कतार में बैठे दिखे पीएम मोदी*

## भाजपा नेताओं ने शेयर की तस्वीर कार्यकर्ताओं को दिया बड़ा संदेश

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उपराष्ट्रपति चुनाव की तैयारियों के लिए दो दिवसीय कार्य कार्यशाला आयोजित की, जिसमें उसके सभी सांसदों ने भाग लिया है। आज से शुरू हुई इस कार्यशाला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अन्य पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ अंतिम पंक्ति में बैठे। सूत्रों के अनुसार, कार्यक्रम के दौरान भाजपा सांसदों ने जीएसटी सुधारों के लिए प्रधानमंत्री मोदी को सम्मानित किया। इस कार्यशाला की एक तस्वीर भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जिसके दो मुख्य विषय हैं - '2027 तक एक विकसित भारत की ओर' और 'सांसदों द्वारा सोशल मीडिया का प्रभावी उपयोग'। इसमें प्रधानमंत्री मोदी अन्य नेताओं के साथ आखिरी पंक्ति में बैठे दिखाई दे रहे हैं। भाजपा नेता संबित पात्रा ने प्रधानमंत्री की सराहना करते हुए यह तस्वीर ट्विटर पर साझा की।

भाजपा सांसद रवि किशन ने भी 'एक्स ' पर यह तस्वीर साझा की और प्रधानमंत्री मोदी की इस पहल की सराहना की। उन्होंने 'एक्स ' पर हिंदी में कहा, 'राजग सांसदों की कार्यशाला में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का आखिरी पंक्ति में बैठना भाजपा की ताकत है। यहाँ, संगठन में हर कोई कार्यकर्ता है।'

कार्यशाला के दौरान, एनडीए नेताओं ने जीएसटी सुधारों के लिए प्रधानमंत्री मोदी का अभिनंदन किया। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता वाली जीएसटी परिषद ने पिछले सप्ताह इन सुधारों को दिवाली का तोहफ़ा बताते हुए मंज़ूरी दे दी, जिन्हें 22 सितंबर से लागू किया जाएगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने इन सुधारों की सराहना की और कहा कि जीएसटी 2.0 देश के लिए समर्थन और 'विकास' की 'दोहरी खुराक'



है। उन्होंने गुरुवार को कहा, 'समय पर बदलाव के बिना, हम अपने देश को आज की वैश्विक स्थिति में उसका उचित स्थान नहीं दे सकते। मैंने इस बार 15 अगस्त को लाल किले से कहा था कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अगली पीढ़ी के सुधार करना बेहद ज़रूरी है।'

21 जुलाई को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए जगदीप धनखड़ के उपराष्ट्रपति पद से अचानक इस्तीफा देने के बाद, संसद उनके उत्तराधिकारी के चयन के लिए पूरी तरह तैयार है। ये विकल्प हैं: भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सीपी राधाकृष्णन, जो विभिन्न राज्यों के राज्यपाल रह चुके हैं, और कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया ब्लॉक के बी सुदर्शन रेड्डी, जो सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश हैं। मंगलवार, 9 सितंबर को होने वाले चुनाव में, संसद के दोनों सदनों के सांसद भारत के नए उपराष्ट्रपति के चुनाव के लिए मतदान करेंगे।

### 'बुर्के' में छिपा खौफनाक राज! 'प्रेमिका' संग घूमता रहा मुस्लिम युवक

## ट्रेन में सामने आया ऐसा सच कि पुलिस के भी पैरों तले खिसकी जमीन; इंस्टाग्राम पर सोच कर बनाएं दोस्त

अयोध्या **(एजेंसी)**। सोशल मीडिया पर फर्जी पहचान बनाकर लोगों को ठगने के मामले आए दिन सामने आते रहते हैं, लेकिन रामनगरी अयोध्या से एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने हर किसी को चौंका दिया है। यहां एक युवक ने मुस्लिम युवती की पहचान रखकर गुजरात के एक विवाहित युवक को न सिर्फ प्रेमजाल में फंसाया, बल्कि उससे एक लाख चालीस हजार रुपये भी ऐंठ लिए। हद तो तब हो गई जब यह युवक बुर्का पहनकर गुजरात के युवक से मिलने गया और दोनों ने शादी कर साथ जीने-मरने की कसमें खा लीं। हालांकि ट्रेन के सफर में युवक का यह झूठ ज्यादा देर टिक नहीं पाया और पूरा फर्जीवाड़ा सामने आ गया।

अयोध्या के खजुरहट क्षेत्र निवासी मनीष नामक युवक ने इंस्टाग्राम पर एक मुस्लिम युवती का फर्जी प्रोफाइल बनाकर गुजरात के साबरकांठा जिले के एक विवाहित मुस्लिम युवक से दोस्ती की। मनीष ने खुद को एक पीड़ित विवाहिता बताकर युवक से सहानुभूति और फिर प्रेम का नाटक शुरू किया। फोन पर मनीष लड़कियों जैसी आवाज निकालकर गुजराती युवक से घंटों बातें करता था। वह खुद को एक अत्याचारी पति से परेशान महिला बताता था। इसी भावनात्मक जाल में फंसाकर मनीष ने युवक से 40-40 हजार रुपये की किस्तों में कुल 1.40



लाख रुपये वसूल लिए।

लंबे समय तक ठगी करने के बाद जब मनीष ने युवक से पीछा छुड़ाने की कोशिश की, तो युवक ने अयोध्या आकर मिलने की जिद की। मनीष ने प्रेमिका बनकर मिलने का नाटक करते हुए बुर्का पहनकर युवक से मुलाकात की। इसके बाद दोनों ने गुजरात जाकर शादी करने की योजना बनाई। बुर्का पहने मनीष गुजराती युवक के साथ ट्रेन से गुजरात के लिए रवाना हुआ।

बता दें कि लखनऊ रेलवे स्टेशन पर जीआरपी को एक संदिग्ध बुर्कानशी महिला की तलाश थी। जिसके चलते पुलिस ने शक होने पर मनीष और युवक को हिरासत में ले लिया। महिला पुलिस ने जब मनीष से बुर्का हटाने को कहा तो उसकी सच्चाई सबके सामने आ गई। मनीष ने पुलिस के सामने गिड़गिड़ाते हुए अपनी असलियत बताई और बाहर बैठे युवक को कुछ न बताने की गुहार लगाई। इसके बाद जीआरपी ने दोनों को छोड़ दिया। दोनों फिर ट्रेन से गुजरात के लिए रवाना हो गए। ट्रेन में सफर के दौरान असलियत उजागर होने के डर से मनीष कुछ भी खा-पी नहीं रहा था। जिससे गुजराती युवक को शक हुआ और अंततः सच्चाई सामने आ गई। इसके बाद दोनों के बीच बहस हुई, लेकिन बाद में युवक ने माफ करते हुए मनीष से पैसे वापस लेने की बात पर सहमति जताई। मनीष फिर युवक के साथ गुजरात चला गया और वहां शटरिंग का काम करने लगा।

मनीष के घरवालों ने अयोध्या पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई कि उनका बेटा गुजरात में काम करता था और वहां एक मुस्लिम युवक ने उसे अगवा कर लिया है। परिजनों का आरोप था कि युवक 2.5 लाख रुपये की फिरौती मांग रहा है और किडनी निकालने की धमकी दे रहा है। मामला दो समुदायों से जुड़ा होने के चलते अयोध्या पुलिस ने इसे गंभीरता से लिया। एसपी डॉक्टर गौरव ग्रोवर के निर्देश पर टीम बनाई गई और गुजरात के पुलिस अधिकारियों से संपर्क किया गया। दोनों राज्यों की पुलिस के संयुक्त प्रयास से मनीष को ढूंढ निकाला गया। पूछताछ के दौरान पूरी सच्चाई सामने आई, जिससे पुलिस भी हैरान रह गई। बाद में दोनों पक्षों में आपसी सहमति बनी और पैसे की वापसी के बाद किसी भी कानूनी कार्रवाई से इनकार कर दिया गया।

## माहौल खराब करने वालों पर 'साम्प्रदायिक और द्वेषपूर्ण राजनीति' छोड़कर कार्रवाई करें सरकारें : मायावती

लखनऊ **(एजेंसी)**। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने देश में विभिन्न धर्मों के पूजास्थलों और महापुरुषों का अनादर करके माहौल खराब करने के 'राजनीतिक षड्यंत्र' पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि मुल्क में अमन-चैन स्थापित करने के लिये सभी सरकारें 'साम्प्रदायिक और द्वेषपूर्ण राजनीति' छोड़कर ऐसी घटनाओं के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी रवैया अपनाएं। बसपा प्रमुख ने किसी का नाम लिये बगैर उत्तर प्रदेश तथा कई अन्य राज्यों में विभिन्न धर्मों के पूजास्थलों एवं उनके संतों, गुरुओं व महापुरुषों आदि का निरादर करके सामाजिक, साम्प्रदायिक एवं राजनीतिक हालात बिगाड़ने के राजनीतिक षडयंत्र पर गंभीर चिन्ता व्यक्त की। बयान के अनुसार मायावती ने कहा, ''सभी सरकारों को संकीर्ण, जातिवादी, साम्प्रदायिक व द्वेषपूर्ण राजनीति का त्याग कर ऐसे आपराधिक तत्वों के प्रति कड़ा कानूनी रवैया अपनाते हुए कानून का राज स्थापित करना चाहिये, ताकि सभी लोग अमन-चैन से रोजी-रोटी कमा करके अपने परिवार का पालन-पोषण तथा शिक्षा की व्यवस्था ठीक तरीके से कर सकें।'' मायावती ने उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश के वर्तमान राजनीतिक, सामाजिक व आर्थिक हालात के सम्बंध में नई उभरती चुनौतियों से पार्टी के लोगों को आगाह भी किया। उन्होंने कहा, ''खासकर विरोधी पार्टियों द्वारा साम, दाम, दण्ड, भेद आदि हर प्रकार के हथकण्डे अपनाते हुए बसपा, बहुजन आंदोलन और उसके नेतृत्व को कमजोर करने का षडयंत्र लगातार जारी है ताकि दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों, मुस्लिम व अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों पर आधारित बहुजन समाज के लोगों को अत्यन्त कठिनाई से मिले उनके संवैधानिक व कानूनी अधिकारों से वंचित करके उन्हें लाचार और मजबूर बनाये रखा जाये तथा हर कीमत पर उन्हें शासक वर्ग बनने से रोका जाये।''



## आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 1748 मरीजों का किया गया उपचार

**मंत्र भारत संवाददाता**

कौशाम्बी। जनपद में प्रत्येक रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाता है। जनपद में 33 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा 3 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। आरोग्य स्वास्थ्य मेले को सफल बनाने के लिए नोडल अधिकारी तथा अपर/उप मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो मे आरोग्य स्वास्थ्य मेले के निरीक्षण के लिए जिम्मेदारी दी गयी है।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संजय कुमार ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सेलरहा पश्चिम, शमशाबाद एवं मंझनपुर का निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 57 चिकित्साधिकारी व 129 पैरामेडिकल कर्मचारी की ड्यूटी लगायी गयी थी। आरोग्य स्वास्थ्य मेले में विभिन्न रोगों से ग्रसित कुल 1748 मरीजों का चिकित्सको द्वारा उपचार किया गया एवं 14 मरीजों को मेडिकल कॉलेज संदर्भित किया गया। साथ ही मेले मे कुल 65 गोल्डेन कार्ड एवं 116 आभा आईडी भी बनाये गये।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने तहसील मंझनपुर में सुनी जनशिकायतें

**मंत्र भारत संवाददाता**

कौशाम्बी। जनपद कौशाम्बी के सभी तहसीलों में आज सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने तहसील मंझनपुर में जनशिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दिए।

ज्ञात हो कि जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को तहसील दिवस एवं आई.जी.आर.एस. शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए गुणवत्तापूर्ण/समयबद्ध निस्तारित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई भी शिकायत लम्बित न होने पाये। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त प्रार्थना-पत्रों पर संबंधित अधिकारियों को ऑनलाइन आवेदन कराकर पात्रता की स्थिति में लाभान्वित करने के भी निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने तहसील दिवस में धारा-116 एवं धारा-24 के वादों के निस्तारण की स्थिति की समीक्षा के दौरान कहा कि शीघ्र सभी वादों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। समाधान दिवस में शिकायतकर्ता रामेश्वर प्रसाद निवासी बक्सीपार ने प्रार्थना-पत्र देकर अवगत कराया कि उनकी भूमि की पैमाइश होने के बावजूद भी विपक्षी द्वारा मेड नहीं बाधने दिया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 33 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। तहसील चायल में कुल 16 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा तहसील सिराथू में कुल 61 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 4 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सुख लाल प्रसाद वर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार एवं जिला विकास अधिकारी शैलेन व्यास सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## खेत मिला ड्रोन जांच में निकला बच्चों का खिलौन

**मंत्र भारत संवाददाता**

सिद्धार्थनगर। जिले के शिवनगर थाना डिड़ई क्षेत्र के घुमची गांव के दक्षिण धान के खेत में ड्रोन मिलने से क्षेत्र में दहसत फैल गया था। ग्रामीणों की सूचना पर स्थानीय पुलिस ड्रोन को कब्जे में लेकर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल में जुट गई। जांच के दौरान शनिवार को पता चला कि गंगाराम पुत्र राम भरोसे निवासी घुमची के धान के खेत मिला ड्रोन करमा बाजार में लालता प्रसाद पाल पुत्र बेचन प्रसाद मोबाइल की दुकान चला रहें हैं। वह कुछ दिन पहले रामेश्वरम, कन्या कुमारी, त्रिरुपतिबाला जी यात्रा करनें गये थें। वहां से अपनें लड़कें को खेलनें के लिए ड्रोन लिया था, वहीं बुधवार की रात में खेल रहा था। जो धान के खेत में गिर गया था, शनिवार को सूचना मिला कि यह ड्रोन करमा मोबाइल व्यवसाई का हैं। उसके पास से डिब्बा रसीद रिमोट सब बरामद हुआ, सीओ बांसी मंयक द्विवेदी के द्वारा जांच किया गया, तों पता चला कि यह बच्चों के खेलनें वाला खिलौना हैं। सीओ मंयक द्विवेदी ने बताया कि भ्रामक सूचना उत्पन्न करनें वालें ऊपर सक्त कार्यवाई की जायेगी, सभी लोग अफवाहों से दूर रहें।



## जिलाधिकारी ने की बाल कल्याण समिति की बैठक की

कौशाम्बी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने कार्यालय कक्ष में बाल कल्याण समिति की बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष की समीक्षा के दौरान लाभार्थियों के अवशेष खातों को शीघ्र खुलवाने एवं लंबित प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित कराने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति कमलेश चंद्र को आने वाले मामलों को यथाशीघ्र निस्तारित करने एवं लंबित प्रकरणों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने पास्को के मामलों में सहायक व्यक्ति नामित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार का किया आकस्मिक निरीक्षण

**मंत्र भारत संवाददाता**

कौशाम्बी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने आज जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण किया।

ज्ञात हो कि जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान बंदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। जेल परिसर की साफ-सफाई, स्वास्थ्य, भोजन व्यवस्था तथा सुरक्षा व्यवस्था का गहनता से निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने कारागार प्रशासन को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री जेल परिसर में प्रवेश न करने पाए। कैदियों को उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इसके साथ ही स्वच्छता एवं अनुशासन व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष बल दिया।

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन एवं प्रेस क्लब की संयुक्त बैठक आयोजित, नव पदाधिकारी चयनित

**मंत्र भारत संवाददाता**

कौशाम्बी। प्रेस क्लब कौशाम्बी की एक बैठक प्रेस क्लब संरक्षक रमेश चन्द्र अकेला व अध्यक्ष बृजेश गौतम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश कुमार गोयल के नेतृत्व मे सरस हाल विकास भवन मँझनपुर मे रविवार को आयोजित की गयी। जिसमें पत्रकारों और मीडिया प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस बैठक में प्रेस क्लब के आगामी कार्यक्रमों और गतिविधियों पर चर्चा की गई और कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। यह भी निर्णय लिया गया की अब हर माह के अंतिम सप्ताह में एक दिन बैठक होंगी जिससे पत्रकारों की समस्या हल करने मे मदद मिलेगी।

ज्ञात हो कि बैठक के दौरान, पत्रकारों ने अपने अनुभव और चुनौतियों को साझा किया और एक दूसरे के साथ सहयोग करने के महत्व पर जोर दिया। इसके अलावा, प्रेस क्लब के सदस्यों ने अपने पेशेवर विकास और कौशल वृद्धि के लिए प्रशिक्षण और कार्यशालाओं के आयोजन पर भी चर्चा की। बैठक में प्रेस क्लब के पदाधिकारियों का चुनाव भी किया गया, जिसमें नए पदाधिकारियों को चुना गया और उन्हें उनके कार्यों के लिए जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इस अवसर पर, प्रेस क्लब के सदस्यों ने एकजुटता और सहयोग का प्रदर्शन किया और संगठन को मजबूत बनाने के लिए काम करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रेस क्लब के पदाधिकारी, एवं काफ़ी संख्या में सदस्य गण मौजूद रहे।

### ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन कौशांबी की कार्यकारिणी गठित

कौशांबी। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश इकाई कौशांबी की कार्यकारिणी का गठन मंडल अध्यक्ष सतीश गोयल व उपाध्यक्ष शरद कुमार की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ। बैठक में रमेश चंद्र अकेला को अध्यक्ष, आदर्श मिश्रा, निहाल शुक्ला व लवलेश कुमार को उपाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों का चयन किया गया। संगठन की मजबूती और पत्रकारों की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाने का संकल्प लिया गया।

## अटेवा संगठन के सदस्यों ने पुरानी पेंशन बहाली को लेकर किया उपवास

**मंत्र भारत संवाददाता**

सिद्धार्थनगर। जिले में अटेवा एनएमओपीयस के आह्वान पर शिक्षक दिवस के अवसर पर अटेवा के सदस्यों ने पुरानी पेंशन बहाली के लिए उपवास रखा इसका उद्देश्य गांधीवादी तरीके के सत्याग्रह का पालन करते हुए आत्मकष्ट से सरकार के हृदय में परिवर्तन कर पुरानी पेंशन बहाली हेतु राजी करना। इस अवसर पर पूरे जिले के शिक्षक और कर्मचारी अपने-अपने घरों और जहां है जैसे है रहते हुए उपवास रखकर पुरानी पेंशन बहाली की मांग किया।सभी ब्लॉक के अध्यक्षों ने मोबाइल से उपवास कार्यक्रम के प्रगति की सूचना जिलाध्यक्ष को दिया। जिला मुख्यालय पर अटेवा जिला अध्यक्ष बृजेश कुमार द्विवेदी ने अपने साथियों धर्मेंद्र कुमार दुबे, अंशुमान सिंह, देवेंद्र कुमार त्रिपाठी, अविनाश वर्मा, पुनीता मिश्रा के साथ राधा कृष्ण मंदिर भीमापार पर उपवास रखकर सरकार से पुरानी पेंशन बहाली की मांग किया।



## मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन में मरीजों का हुआ निशुल्क इलाज

**मंत्र भारत संवाददाता**

सिद्धार्थनगर। जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मिठवल में स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न जांच शिविर, परामर्श सत्र, दवाइयों का वितरण, और स्वास्थ्य जागरूकता से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार यह मेले का उद्देश्य ग्रामीण जनता को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ना और समय पर रोग निदान सुनिश्चित करना बताया गया। मेले के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य प्रति जागरूक करने का विशेष प्रयास किया गया है। चिकित्साधिकारी डा. अपर्णा पाठक ने मरीजों की जांच कर साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया इस समय वायरल फीवर बहुत तेजी से बढ़ रहा हैं।शरीर में दर्द होते ही नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर दवा ले लें। फर्मासिस्ट रविशंकर त्रिपाठी ने विरेन्द्र नाथ शुक्ल को दवा देकर कब कैसे खाना हैं बताते हुए। अस्पताल में पानी की सुविधा नहीं हैं लगा सब हैं समरसेबल, आरो पर सब खराब हैं। मरीज व तिमारदार को देशी नल से प्यास बुझाने को मजबूर। हल्की बारिश में अस्पताल में जाने का मार्ग पर भरा पानी। टोटल मरीज महिला दश, पुरुष आठ, बच्चे सात सब मिलाकर पच्चीस लोगों को दवा दिया गया इस दौरान एनएमए उमेश धर द्विवेदी, स्टाफ नर्स पूजा, वार्ड ब्वाय अभिनव आदि मौजूद रहे।



## जनपद को मिले 5 आईटीआई अनुदेशक अध्यक्षा जिला पंचायत ने प्रदान की नियुक्ति पत्र

कौशाम्बी। अध्यक्षा जिला पंचायत कल्पना सोनकर ने रविवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, मंझनपुर में आयोजित नियुक्ति-पत्र वितरण समारोह का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया।

ज्ञात हो कि अध्यक्षा जिला पंचायत ने नवचयनित अनुदेशक-आकांक्षा पांडेय, कुमारी मनीषा, कुसुम यादव, सीमा पाल एवं सुनीता कुशवाहा को नियुक्ति-पत्र प्रदान कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी शैलेन व्यास, प्रधानाचार्य रूद्र कुमार गौतम सहित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर व सिराथू के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

समारोह में लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया तथा उपस्थित लोगों ने माननीय मुख्यमंत्री जी के संबोधन को सुना।

## यू-डाइस पोर्टल पर डाटा अपलोड नहीं करने पर दिया नोटिस

कौशाम्बी। मंझनपुर विकास खंड में शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए यू-डायस पोर्टल पर 22 मान्यता प्राप्त विद्यालयों द्वारा छात्रों का डाटा अपडेट नहीं किया गया है। खंड शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार गुप्ता ने इस मामले में सभी 22विद्यालयों को नोटिस जारी किया है।

ज्ञात हो कि खण्ड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि यू-डायस पोर्टल पर स्टूडेंट मॉड्यूल का कार्य चल रहा है। इसमें विद्यालय स्तर से बच्चों का विवरण और उनका प्रोफाइल अपडेट किया जाना है। कार्यालय से विभिन्न माध्यमो से कई बार निर्देश दिए लेकिन अभी तक 22 स्कूलों ने छात्रों का डाटा अपडेट नहीं हुआ है।

खण्ड शिक्षा अधिकारी ने इन स्कूलों को अंतिम नोटिस जारी किया है। स्कूलों को 2 दिन के अंदर सभी छात्र-छात्राओं का डाटा अपडेट करना होगा। यदि समय सीमा में काम पूरा नहीं हुआ तो स्कूलों की मान्यता रद्द कर दी जाएगी। इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित स्कूल प्रबंधन की होगी।

## डीएम ने शिक्षा विभाग एवं समाज कल्याण विभाग के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर निर्माण कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

कौशाम्बी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने आज उदयन सभागार में शिक्षा विभाग एवं समाज कल्याण विभाग के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

ज्ञात हो कि बैठक में अधिशासी अभियंता यू.पी.सिडकों ने बताया कि 12 राजकीय विद्यालयों में बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य शुरू हो गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने माह सितंबर तक निर्माण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में ट्रांजिट हॉस्टल आदि निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता यू.पी.सिडकों को राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय भरसवा के शेष कार्यों को 30 सितंबर तक, राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय कोईलहा के शेष कार्यों को 15 सितंबर तक तथा राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय ककोडा के शेष कार्यों को 10 सितंबर तक पूर्ण कराकर हैंडओवर करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग के निर्माण कार्यों के समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालय के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कड़ा में कराए जा रहे कार्यों को 20 अक्टूबर एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सरसवा के कार्यों को 30 सितम्बर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजकीय बालिका महाविद्यालय मूरतगंज के निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी कार्यदाई संस्था यू.पी.पी.सी.एल. से प्राप्त करते हुए निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

# मजदूर को मिला 8.4 लाख का टैक्स नोटिस, फफक-फफक कर रो पड़ा सुनील; मामला जानकर रह गए दंग

लखनऊ **(एजेंसी)**। प्रदेश में फिरोजाबाद जिले के थाना फरिहा क्षेत्र के गांव इटली से एक हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है। जहां मेहनत-मजदूरी करने वाले सुनील के साथ बड़ा धोखाधड़ी का मामला हुआ है। गांव का ही एक शख्स उसे यह झूठा वादा कर फंसाने में सफल रहा कि अगर वह अपना आधार कार्ड, पैन कार्ड, मूल निवास प्रमाणपत्र और बैंक पासबुक देगा तो उसका लेबर कार्ड बन जाएगा। इस लेबर कार्ड के जरिए नरेगा योजना में काम मिलेगा और हर महीने 1500 रुपए मिलेंगे। गरीब और नासमझ सुनील इस लालच में आ गया और अपने सभी महत्वपूर्ण दस्तावेज उसी व्यक्ति को दे दिए।

मिली जानकारी के मुताबिक, कुछ दिनों बाद सुनील के घर आयकर विभाग का नोटिस आया। शुरू में उसने इसे कोई मामूली कागज समझकर अनदेखा कर दिया, लेकिन लगातार दूसरा और तीसरा नोटिस आने पर उसने ध्यान से पढ़ा तो उसके पैरों तले जमीन निकल गई। नोटिस में लिखा था कि उसके ऊपर करीब 84 लाख 31 हजार रुपए का टैक्स बकाया है। यह देखकर सुनील काफी परेशान और डरा हुआ हो गया। वह रोते-बिलखते थाने पहुंचा और मदद की गुहार लगाने लगा।

सुनील ने पूरी घटना पुलिस को बताई और कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामला गंभीर पाया और तुरंत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जो लोग सुनील के दस्तावेजों का गलत इस्तेमाल कर इस धोखाधड़ी को अंजाम दे रहे हैं, उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

थाने में खड़े सुनील की आंखों में आंसू थे। उसने सरकार से मदद मांगी और कहा कि मैं एक गरीब मजदूर हूं, रोजाना मेहनत करता हूं ताकि परिवार का भरण-पोषण हो सके। मुझ पर 84 लाख रुपए का टैक्स कैसे लगाया जा सकता है? उसने लोगों से भी सावधानी बरतने की अपील की कि वे अपने दस्तावेजों को लेकर सावधान रहें और किसी भी तरह के काम के लिए सीधे सरकारी दफ्तरों से संपर्क करें, ताकि ठगों के जाल में फंसने से बचा जा सके।






## प्रशासन द्वारा बनाए गए हेल्प डेस्क सेंटर व ठहरने की व्यवस्था, पीईटी अभ्यर्थियों के लिए मददगार साबित हुआ

**मंत्र भारत संवाददाता**

भदोही। 06 व 07 सितम्बर 2025 को उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पी0ई0टी0)-2025 जनपद में सकुशल व शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जिलाधिकारी शैलेष कुमार के निर्देश के क्रम में जनपद के 17 परीक्षा केदो पर विभिन्न जनपदो से आने वाले परीक्षार्थियों की संख्या-8040 प्रति पाली एवं चारो पालियो में कुल परीक्षार्थियों की संख्या 32160 है,

परीक्षार्थियो की अधिक संख्या होने के कारण उनके सुचारू आवागमन, परीक्षा केंद्र तक पहुंचने, परीक्षा समाप्ति पश्चात घर जाने हेतु बस स्टेशन व रेलवे स्टेशन तक पहुंचने की सुविधा के क्रम में प्रशासन द्वारा जनपद के विभिन्न स्थानों पर 'हेल्प डेस्क' बनाए गए हैं, जहां पर परीक्षार्थियों की सुविधा हेतु परीक्षा केंद्र का लोकेशन, दूरी इत्यादि जानकारी व सुविधा प्रदान की गई। उनके ठहरने के लिए भी विभिन्न स्थानों पर व्यवस्था की गई थी। यह पहल परीक्षार्थियों के लिए काफी मददगार साबित हुई। परीक्षार्थियों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि किसी दूसरे शहर में ठहरने और परीक्षा केंद्र की दूरी, लोकेशन आदि की जानकारी की सुविधा मिल जाने पर बहुत सुकून व महसूस होता है। जिससे परीक्षा हाल में आत्मविश्वास से हम लोग परीक्षा देते हैं, जिसका सकारात्मक असर परीक्षा रिजल्ट पर पड़ता है।




## जनपद न्यायाधीश ने राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार के दृष्टिगत जन-जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**मंत्र भारत संवाददाता**

कौशाम्बी। जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने 13 सितंबर 2025 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कराये जाने के उद्देश्य एवं राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने के लिए जन-जागरूकता वाहन को जनपद न्यायालय परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।इस अवसर पर समस्त सम्मानित न्यायिक अधिकारीगण, लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम के समस्त सदस्यगण एवं पी.एल.वी. उपस्थित रहें।

## तेल की फैक्ट्री में बड़ा हादसा, गैस रिसाव से 3 कर्मचारियों की मौत, कई अस्पताल में भर्ती


भोपाल **(एजेंसी)**। मध्य प्रदेश के इंदौर के पास पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में रविवार शाम एक ऑयल कंपनी में बड़ा हादसा हो गया। काम के दौरान कंपनी परिसर में अचानक गैस का रिसाव हो गया, जिसकी चपेट में आने से तीन कर्मचारियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई अन्य की हालत गंभीर बताई जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जब यह हादसा हुआ, उस वक्त कर्मचारी कंपनी के अंदर नियमित काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक जहरीली गैस का रिसाव शुरू हो गया। गैस के संपर्क में आने से कई कर्मचारी बेहोश हो गए, जिन्हें तुरंत इंदौर के एमवाय हॉस्पिटल ले जाया गया।

अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने तीन कर्मचारियों- सुनील, दीपक और जगदीश- को मृत घोषित कर दिया। बाकी कर्मचारियों का इलाज जारी है। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। कंपनी परिसर को तुरंत खाली कराया गया और राहत-बचाव कार्य शुरू किया गया। शुरुआती जांच में तकनीकी खराबी को गैस रिसाव की वजह बताया जा रहा है।

तीनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं, घटना की जांच शुरू कर दी गई है। अधिकारी हादसे के कारणों की पड़ताल कर रहे हैं और कंपनी की औद्योगिक सुरक्षा व्यवस्था की भी समीक्षा की जा रही है।



## श्रीमदभागवत कथा के श्रवण मात्र से जीव का मोक्ष संभव- आचार्य अवनीश भाई जी महाराज

**मंत्र भारत संवाददाता**

भदोही। गोपीगंज क्षेत्र के सुजातपुर में आयोजित श्रीमद भागवत के संगीतमय प्रवचन में वृन्दावन से पधारे कथा वाचक आचार्य अवनीश भाई जी महाराज ने प्रवचन के पहले दिन श्रीमद भागवत के महात्म्य के बारे मे विस्तार से बताया। आचार्य अवनीश भाई जी महाराज ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा के श्रवण मात्र से जीव का इस लोक के साथ साथ परलोक भी कल्याणकारी होता है। श्रीमद भागवत कथा भगवान की खुद वाणी है जिसे सुनकर और अपने जीवन में उतरने वाला मोक्ष का उत्तराधिकारी होता है। महाराज ने कहा कि नारद ने जब सभी धार्मिक क्षेत्रों का भ्रमण किया लेकिन शांति नहीं मिली। कलयुग में भक्ति के साधन लुप्त होते जा रहे है, गृहस्थो की भी हालत दयनीय है। इन्ही सभी चिंताओं से युक्त होकर नारद परेशान थे। नारद ने वृन्दावन में देखा कि भक्ति जवान है और उसके दो बेटे ज्ञान और बैराग्य वृद्ध थे जिसे देखकर नारद परेशान हो गए। नारद ने जब इसका कारण भक्ति से पूछा तो भक्ति ने बताया कि कलयुग के प्रभाव से यह स्थिति हुई है। नारद ने बताया कि जो पुण्य अन्य यूगो में जप तप से मिलता है उतना फल भगवान के नाम के संकीर्तन से होता है। इसलिए भगवान की भक्ति और कृपा के लिए भगवान का भजन और संकीर्तन ही महत्वपूर्ण है। प्रवचन के दौरान महाराज के भजनो से लोग और भी भक्ति भाव में झूमते हुए दिखे। इस मौके पर किशन चंद तिवारी, सतीश चंद तिवारी, फूल चंद तिवारी, आशु जायसवाल, मदन दूबे, संतोष दूबे, ताड़क चौबे, विनय तिवारी और अंकित तिवारी समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# खुशनुमा जीवन का आधार- परमात्मा से रियल कनेक्शन

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। संसार के सभी मनुष्य अपने जीवन में सुख और शांति चाहते हैं, जीवन का मुख्य उद्देश्य ही खुशी को प्राप्त करना है। परंतु दुर्भाग्यवश आज के समय में हम सभी खुशी भौतिक साधनों में ढूंढते हैं। जिससे हमें कुछ समय के लिए इंद्रिय सुख तो मिल जाता है परंतु जीवन में स्थाई सुख शांति नहीं रहती और हम निरंतर उसकी चाह में इधर-उधर भटकते रहते हैं।

हमें अगर कुछ चाहिए तो हमें उस व्यक्ति से संपर्क करना होता है जिसके पास वह वस्तु है, संसार में हम सभी का अनुभव है कि स्थाई सुख शांति कहीं नहीं है। वास्तव में स्थाई सुख शांति का भंडार केवल परमपिता परमात्मा ही है। इसलिए हमें उनको जानकर, पहचान कर और दिल से उसके साथ कनेक्शन जोड़ने से हमारे जीवन में भी स्थाई सुख और शांति आ सकती है।

उपरोक्त बातें प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राजयोग शिविर के दूसरे दिन खुशनुमा जीवन का आधार परमात्मा कनेक्शन विषय पर बोलते हुए मुंबई से पधारे प्रोफेसर ई वी गिरीश ने कही।

ब्रह्माकुमारीज की क्षेत्रीय निदेशिका मनोरमा दीदी ने बताया की राजयोग शिविर के दूसरे दिन करीब 800 भाई बहनों ने इसका लाभ लिया। इसके अतिरिक्त सुबह में भी ब्रह्माकुमारीज के सदस्यों के लिए तपस्या भट्टी कार्यक्रम रखा जाता है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रयागराज कमिश्नरेट के डी आई जी एन कोलांची सहित विश्वामित्र सिनेप्लेक्स के डायरेक्टर ब्रिजेश दुग्गल, इलाहाबाद डिग्री कॉलेज के पुर्व डीन पीयूष रंजन अग्रवाल, प्रिंसिपल शालिनी श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि के तौर पर पधारे। मनोरमा दीदी ने बताया कि 8 सितंबर 2025 को शिविर का समापन रहेगा जिसमें प्रोफेसर ई वी गिरीश राजयोग मेडिटेशन के बारे में जानकारी देंगे।



# मूक बधिर दम्पत्ति को दुकान चलाता देख द्रवित हुए मंत्री नन्दी, दुकान से की सामानों की खरीददारी

## अधिकारियों को आवास के साथ ही अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का दिया आदेश

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने रविवार को अपने प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के नैनी मंडल में भ्रमण किया। पार्टी पदाधिकारियों व व्यापारियों के घर जाकर मुलाकात की एवं कुशलक्षेम जाना। भ्रमण के दौरान मंत्री नन्दी चकदोंदी नैनी में एक मूक बधिर दम्पत्ति को दुकानदारी करते हुए देख द्रवित हो उठे। जिस पर मंत्री नन्दी ने उनके दुकान पर जाकर न सिर्फ सभी सामानों की खरीददारी की। बल्कि उन्हें सरकारी आवास दिलाने के साथ गरीबों एवं दिव्यांगों के कल्याणार्थ डबल इंजन की सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने का आदेश सम्बंधित अधिकारियों को दिया।

मंत्री नन्दी ने नैनी के चकदोंदी में डॉ. सुनीता वर्मा, जेल रोड पर श्रीमती रीमा देवी, प्रयागपुरम में अनिल कुमार जायसवाल, अशोक शुक्ला एवं अरूण यादव, चकरघुनाथ नैनी में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ पदाधिकारी स्वर्गीय विश्वनाथ सरण, दाउद नगर नैनी में आकाश वर्मा के घर, हनुमान नगर चकरघुनाथ में श्रीमती मालिनी जायसवाल के घर, स्टेशन रोड पर राकेश कुमार जी के घर, चक रघुनाथ नैनी में रजनीश पाण्डेय के घर, नैनी बाजार में आलोक त्रिपाठी के घर एवं चकरघुनाथ नैनी में राजेश तिवारी के घर जाकर परिवारजनों से मुलाकात की। सभी का कुशलक्षेम जाना एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस दौरान मंत्री नन्दी ने पैदल ही पूरे क्षेत्र का भ्रमण किया। मंत्री नन्दी ने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ ही आम लोगों से भी मुलाकात की। लोगों की समस्याएं सुनी। ज्यादातर लोगों ने साफ-सफाई बेहतर न होने की शिकायत की। जिस पर मंत्री नन्दी ने नगर निगम के सम्बंधित अधिकारियों को साफ-सफाई की व्यवस्था बेहतर किए जाने का निर्देश दिया।



भ्रमण के दौरान ही मंत्री नन्दी की नजर एक छोटे से दुकान पर बैठ कर पढाई कर रहे बच्चे एवं उसके मूक-बधिर मां पर पड़ी। जो अपनी दुकान में बैठे थे। मंत्री नन्दी ने जब बच्चे से बातचीत की तो उसने अपने पिता का नाम संजय अग्रवाल बताया। मंत्री नन्दी ने मूक बधिर दम्पति की यह स्थिति देख द्रवित हुए। उन्होंने दुकान के सभी सामान खरीदे और लोगों में बांट दिए। मंत्री नन्दी ने मूक बधि दम्पत्ति को सरकारी आवास उपलब्ध कराने के साथ ही सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए।

मंत्री नन्दी के साथ भ्रमण के दौरान भाजपा महानगर उपाध्यक्ष अनिल केसरवानी झल्लर, मंडल अध्यक्ष नैनी रजत दुबे, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिलीप केसरवानी, राघवराम मिश्रा, जयकृष्ण तिवारी, अर्पित तिवारी, मनोज गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# स्वच्छता के श्रम का हुआ सम्मान, स्वच्छता प्रहरी स्वच्छ भारत के आइडियल एवं मॉडल : महापौर

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। लायंस क्लब प्रयागराज चिराग एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के द्वारा मुंशी राम प्रसाद की बगिया नारायण वाटिका में स्वच्छता के प्रहरियों का अभिनन्दन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गणेश केसरवानी ने सभी स्वच्छता कर्मियों को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया और कहा कि लायंस क्लब और उद्योग व्यापार संगठन के द्वारा आयोजित किया गया कार्यक्रम अतुलनीय है और श्रम को सम्मान देने का प्रतीक है उन्होंने कहा कि प्रयागराज के स्वच्छता प्रहरी पूरी दुनिया के लिए स्वच्छता के आइडियल एवं मॉडल्स चुके हैं और कहा कि हमें मिल कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के स्वच्छ भारत मिशन को लेकर प्रयागराज को स्वर्ग सा सुंदर बनाना है।

इस दौरान भाजपा प्रवक्ता राजेश केसरवानी, समाजसेवी कुमार नारायण एवं शिव मूरत गोले गुप्ता ने स्वच्छता के प्रति अपने विचार रखें। अध्यक्षता करते हुए लाइंस क्लब चिराग के अध्यक्ष पवन गोयल एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष सुनील केसरवानी यमुना पार अध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता ने महापौर को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया और कहा कि स्वच्छता के मार्ग पर चलकर प्रयागराज को हमे क्लीन एवं ग्रीन प्रयागराज बनाना है, कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन गौरव गुप्ता ने किया।



इस अवसर पर पूजा गुप्ता, रोशनी अग्रवाल, लक्ष्मी गुप्ता, राजकुमार केसरवानी, राजेंद्र केसरवानी, रूमा गुप्ता, लक्ष्मी केसरवानी, नैंसी गोयल, गौरव गुप्ता, विशाल जायसवाल, राजेंद्र गुप्ता, अमित केसरवानी, राजेश गुप्ता, योगेंद्र बिंद, शत्रुघ्न जायसवाल किशन चंद्र जायसवाल आदि लायंस क्लब प्रयागराज चिराग एवं उद्योग व्यापार संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता और सैकड़ो स्वच्छता प्रहरी मौजूद रहे।

# ट्रेन में महिला का ट्राली बैग उड़ाया

प्रयागराज। दानापुर एक्सप्रेस में चोरों ने एक महिला का ट्राली बैग गायब कर दिया। बक्सर बिहारी की रहने वाली निशा पति राहुल शर्मा ने प्रयागराज जीआरपी थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस को बताया कि वह 12150 दानापुर एक्सप्रेस से सफर कर रही थी। वह बक्सर से पुणे जा रही थी। रास्ते में उसकी नींद खुली तो ट्राली बैग नहीं था। बैग में कीमती कपड़े, अंगूठी, सात हजार रुपये आदि सामान था। अब जीआरपी मामले की जांच कर रही है।

# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव व सम्मान समारोह पर हुई समीक्षा, कार्यकारिणी बैठक में कई प्रस्ताव पारित

फाफामऊ (प्रयागराज)। अखिल भारतीय श्रीकृष्ण चेतना संस्थान, श्रीकृष्णपुरम गद्दोपुर, फाफामऊ में रविवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव एवं सम्मान समारोह का समीक्षात्मक बैठक करके संस्थान के लोगों को सम्मानित किया गया इस अवसर पर संस्थान की कार्यकारिणी की बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई कृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम पर खर्च हुए आय-व्यय प्रस्तुत किया गया। साथ ही यह विचार-विमर्श हुआ कि भविष्य में कौन-कौन से धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, जिससे संस्थान और अधिक गति से आगे बढ़ सके और अधिक से अधिक लोगों तक इसकी चेतना पहुंच सके।संस्थान के अध्यक्ष जयंत यादव ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक चेतना जगाना और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करना है। उन्होंने सभी सदस्यों से सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।इस बैठक में प्रमुख रूप से रामकुमार यादव, डॉ उमाकांत यादव, डॉ. लालजी, डॉ. रमेशचंद्र यादव, राम सिंह, अशोक शंकर यादव, प्यारे लाल यादव, डॉ. धर्मराज यादव, मनमोहन सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# क्लीन एंड ग्रीन एनवायरमेंट द्वारा किया गया वृक्षारोपण

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। क्लीन एंड ग्रीन एनवायरमेंट द्वारा इस मानसून सत्र का ग्यारहवां वृक्षारोपण अभियान पी एम केंद्रीय विद्यालय, भारतीय सैन्य एकेडमी, प्रेमनगर में सम्पन्न किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के 80 से अधिक वृक्ष रोपित किए गए। रोपित किए गए वृक्षों में कनेर, चंपा, बॉटल ब्रश, केसिया सामिया, गुड़हल, बोगन बेलिया इत्यादि के फूलों के वृक्ष शामिल किए गए।

पी एम केंद्रीय विद्यालय, भारतीय सैन्य एकेडमी के प्रधानाध्यापक मामचंद जी ने समिति से अनुरोध किया कि द्वितीय चरण के वृक्षारोपण अभियान में सिर्फ फूलों के पेड़ो को ही शामिल किया जाए। उनके निवेदन को स्वीकार करते हुए समिति द्वारा विद्यालय में इस पुनीत कार्य को किया गया। आज से ही पितृ पक्ष का भी आरंभ हुआ है इसलिए सभी वृक्ष पित्रों की याद में तथा उन सभी बलिदानियों की याद में लगाए गए जिन्होंने उत्तराखंड को बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जोगेंद्र पुंडीर जी जो भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के अध्यक्ष है तथा विनोद पवार जो कैंट बोर्ड के उपाध्यक्ष है। पुंडीर जी द्वारा समिति के कार्यों को सराहा और पर्यावरण को बचाने में समिति द्वारा जो कार्य लगातार किए जा रहे है, उनकी प्रशंसा की। उन्होंने समिति को हरसंभव मदद किए जाने का आश्वासन भी दिया।

इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष राम कपूर, उपाध्यक्ष रणदीप अहलूवालिया, सचिव जे पी किमोठी, कोषाध्यक्ष शंभू शुक्ला, संयोजक नितिन कुमार, गगन चावला, दिवाकर नैथानी, मनोज श्रीवास्तव, सोनिया, राजेश बाली, रविन्द्र खालसा, सुंदर शुक्ला, शामिल रहे। साथ ही पी एम केंद्रीय विद्यालय के प्रधानाध्यापक मामचंद एवं उनका समस्त स्टाफ शामिल रहे।



# बनिया पंजाबी दा चस्का" रेस्टोरेंट का मंत्री नन्दी ने किया भव्य उद्घाटन

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज । प्रयागराज में पहली बार नई संकल्पना के साथ पन्ना लाल रोड (पार्क रोड) पर ''बनिया पंजाबी दा चस्का'' रेस्टोरेंट का भव्य उद्घाटन हुआ। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता ''नन्दी'' एवं विषिशट अतिथि के रूप् में पूर्व महापौर श्रीमती अभिलाशा गुप्ता, आशीर्वाद किन्नर अखाड़ा की मंडलेश्वर कल्याणी नंद गिरी उपस्थिति रही।

उद्घाटन अवसर पर 'बनिया पंजाबी दा चस्का' खान बान रेस्टोरेंट नई अवधारणा रचने वाले अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष लालू मित्तल, विजय अरोड़ा, गोपाल मित्तल ने बताया कि यह रेस्टोरेंट पूरी तरह से शाकाहारी है, जिसमें उत्तर भारतीय भोजन राजमा चावल, कढी चावल, छोला चावल सहित पिप्जा, बर्गर, सैंडविच, चाऊमीन, पास्ता अनेक मॉकटेल, कॉफी सूप, चाइनीज, इंडियन, कॉन्टिनेंटल खाने आदि भी उपलब्ध है वह भी बहुत सस्ते कीमत में साथ ही रेस्टोरेंट में बाडी लाल का आइसक्रीम पार्लर भी है। इस रेस्टोरेंट की अत्यंत कम मूल्य पर परिकल्पना करने वाली टीम के सदस्य मुदित अरोरा, शशांक मित्तल, गोपाल मित्तल ने प्रयाग वासियों के स्वाद और मांग के अनुरूप शुरू किया गया है । लालू मित्तल ने बताया की रेट, साफ सफाई और हाइजीन का बहुत नियम कड़ाई से पालन किया गया है।

जोमैटो, स्विगी से भी सामग्री



मांगवाई जा सकती है। रेस्टोरेंट उद्घाटन अवसर पर अखिल भारतीय व्यापार मण्डल, लायंस क्लब, इनरव्हील क्लब, महिला क्लब, इलाहाबाद डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएषन, पंजाबी सभा कीडगंज, भारत विकास परिशद के पदाधिकारी सदस्य, मोती लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में प्रधानाचार्य डॉ॰ वी॰के॰ पांडेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी चित्रकूट डॉ॰भूपेश द्विवेदी, पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ घनश्याम द्विवेदी, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ डीके निगम, मेडिकल कॉलेज के अनेक चिकित्सक, प्रयाग व्यापार मंडल के अध्यक्ष राना चावला, रोटरी क्लब के अध्यक्ष पवन जी श्रीवास्तव, अजय अग्रवाल, लायंस क्लब के अध्यक्ष संजू तिवारी सारी अनूप सिंह, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल महिला जिलाध्यक्ष रत्ना जायसवाल, महानगर अध्यक्ष अपूर्वा चंद्रा, गंगा पार जिलाध्यक्ष राजिंदर केशरवानी, प्रदीप बीर, रीता वीर लेडीज क्लब, अपर नगर आयुक्त, भारतीय जनता पार्टी के महानगर उपाध्यक्ष अनिल किसरवानी, दूसरी आजादी नीरज, सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

# द कोरस का वार्षिक संगीत कार्यक्रम नवरस संगीत की स्वर लहरियों में दिखी मानवीय भावनाओं की अनूठी झलक

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। सांस्कृतिक केन्द्र प्रेक्षागृह में कल सायं आयोजित नवरस' कार्यक्रम में कोरस संस्था के कलाकारों ने मानवीय जीवन में अनुभव किये जाने वाले विभिन्न भावों को अपने मधुर गीतों की प्रस्तुति से जीवंत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

अवसर था संगीत संस्था 'कोरस' का वार्षिक कार्यक्रम जिसमें हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी एक अनूठी थीम रखी गई थी-मानवीय जीवन में अनुभव किये जाने वाले नौ रसों की सांगीतिक प्रस्तुति। कार्यक्रम में सभी नौ रसों जैसे श्रृंगार-रस, हास्य-रस, करूण-रस, भयानक-रस, वीर-रस, रौद्र-रस, वीभत्स रस, अद्भुत-रस एवं शांत-रस जो मनुष्य विभिन्न परिस्थितियों में महसूस करता है, को फिल्मी गीतों के माध्यम से दर्शाया गया।

'कोरस' संस्था के इस अनूठे कार्यक्रम की परिकल्पना करने वाले कोरस के संस्थापक व नगर के जाने माने आर्किटेक्ट पीयूष टंडन ने बताया कि 'नव रसों' को नृत्य अथवा अभिनय के माध्यम से दिखाने की परंपरा तो सर्वविदित है जिसमें कलाकार चेहरे व अंगों के इस्तेमाल से सारी भाव भंगिमायें प्रस्तुत करते हैं, परंतु संगीत के माध्यम से उन भावों को प्रकट करना सर्वथा भिन्न होता है, क्योंकि संगीत में छिपे भावों का अनुभव सिर्फ स्वरों को सुनकर किया जा सकता है। इसी विशेषता को ध्यान में रखते हुये कार्यक्रम की परिकल्पना की गई। 'कोरस' के सभी सदस्य अव्यावसायिक हैं और संगीत की प्यास बुझाने के लिये ही संस्था से जुड़े हैं। उन्हें मंच प्रदान कर उनकी प्रतिभा को संगीत प्रेमियों तक लाना ही संस्था का प्रमुख उद्देश्य है। कार्यक्रम का शुभारंभ आमंत्रित विशिष्ट दर्शकों द्वारा द्वीप प्रज्जवलन से किया गया। तदुपरांत संस्था के प्रमुख सलाहकार विनय टंडन ने सभी अतिथियों का स्वागत किया व रश्मि गोडबोले ने सदस्यों का परिचय कराया। तपश्चात रुचि दुबे ने आगे के कार्यक्रम का संचालन किया।

संगीत-सरिता का प्रवाह आरंभ हुआ, एक मैडले द्वारा जिसमें सभी नौ भावों को एक-एक कलाकार द्वारा बारी बारी से गीतों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात प्रत्येक भाव पर केंद्रित सोलो व डुयेट गीतों की प्रस्तुति का क्रम आरंभ हुआ।

सर्वप्रथम 'श्रंगार - रस' से प्रेरित गीत ' बड़या ना धरो बलमा पर लता माहेश्वरी ने श्रोताओं को भाव विभोर किया। श्रंगार रस पर ही राजेश श्रीवास्तव ने फिल्म सरस्वतीचंद्र के सुप्रसिद्ध गीत' चंदन सा बदन चंचल चितवन' की भावपूर्ण प्रस्तुति से तालियां बटोरीं। अगली पेशकश कंचन माहेश्वरी की रही, जिन्होंने 'दिल दीवाना बिन सजना के' गाकर समा बांधा। श्रंगार रस की अगली प्रस्तुति नीरु गुलाटी व सुलभ के द्वारा पेश किया गया युगल गीत ' बेखुदी में सनम उठ गये जो कदम' थी। हास्य रस पर हर्ष टंडन के फिल्म शागिर्द के मस्त गीत 'बड़े मियां दीवाने, ऐसे न बनो' ने श्रोताओं को आनंदित कर दिया। इसी क्रम में शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने 'मेरा जूता है जापानी, रश्मि गोडबोले ने 'झुमका गिरा रे' तथा आशुतोष व कंचन ने 'जाने कहां मेरा जिगर गया जी' गाकर समां बांध दिया।

करूण-रस का प्रथम गीत था अर्चना त्रिपाठी की आवाज में 'हम थे जिनके सहारे' जिसे उन्होंन बखूबी निभाया। तत्पश्चात कल्पना टंडन ने अपनी सुरीली प्रस्तुति ' रैना बीती जाये, श्याम ना आये' से जो करूणा का माहौल बनाया उसे ज्योति दुबे ने' तुझसे नाराज नहीं ज़िदगी हैरान हूं तथा राजेश श्रीवास्तव व लता माहेश्वरी ने 'ये दिल तुम बिन कहीं लगता नहीं हम क्या करें' से और खूबसूरत बना दिया।




कार्यक्रम की अगली कड़ी रौद्र रस के गीतों की प्रस्तुति रही जिसमें पीयूष टंडन ने फिल्म एक बार मुस्कुरा दो' के सुप्रसिद्ध गीत ' कितने अटल थे तेरे इरादे' की जानदार गायकी से दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। नीलिमा सिंह ने जाने क्यों लोग मोहब्बत किया करते हैं', सुलभ ने 'तड़प तड़प के इस दिल से आह निकलती रही' व पीयूष-कल्पना द्वय ने जिसका मुझे था इंतज़ार' युगल गीत से रौद्र रस के विभिन्न रूपों हताशा, क्रोध इत्यादि का भरपूर आभास कराया।

वीर-रस की श्रेणी में संजीव त्रिपाठी ने 'गुलाल' नामक एलबम के गीत आरंभहै प्रचंड' से जोश पैदा कर दिया। रुचि दुबे ने फिल्म चक दे इंडिया' के जोशीले गीत 'बादल पे पांव है' को अपनी खनकती हुई आवाज़ में पेश किया जिसके बाद प्रवीन गोडबोले व रश्मि की जोड़ी ने 'जिंदगी हर कदम एक नई जंग है' से पूरा वातावरण सगीतमय कर दिया।

भयानक रस को दर्शाने वाले गीतों की श्रंखला में पहला गीत फिल्म बीस साल बाद का कालजई गीत ' कहीं दीप जले कहीं दिल था जिसे स्वर दिया नीरू गुलाटी ने। जिसके पहले राज गुलाटी जी की आवाज़ में डरावने गीत का माहौल बनाया गया दूसरा गीत अमिताभ बच्चन की सुपर हिट फिल्म मुकद्दर का सिंकदर का ' ओ साथी रे तेरे बिना भी क्या जीना था जिसे आशुतोष माहेश्वरी ने कशिश के साथ गाकर तालियां बटोरी।

तदुपरांत वीभत्स रस अर्थात् घृणा, अवसाद आदि की भावनाओं से ओतप्रोत गीतों की प्रस्तुति के क्रम में जीतेन्द्र मालवीय ने 'ये दुनिया ये महफिल', शरद कक्कड ने 'दोस्त दोस्त ना रहा' व संजीव-अर्चना ने 'इक हसीना थी' की मनोहारी पेशकश से प्रेक्षागृह में मौजूद दर्शकों की वाह-वाही हासिल की।

संगीत संध्या की अगली पायदान पर अद्भुत रस से सराबोर ये क्या हुआ' फिल्म-अमर प्रेम, 'क्यों चलती है पवन' फिल्म कहो ना प्यार है तथा 'जिंदगी कैसी है पहेली हाय' फिल्म-आनंद रहे जिन्हें क्रमश तरूण नौलानी, प्रवीन व पीयूष टंडन ने एकाग्रता से गाकर श्रोताओं को एक अद्भुत अनुभूति का अनुभव कराया।।

'नवरस' के नौवें स्वरूप में शांत रस का भाव संजीव भार्गव ने सुरमई अंखियों में नन्हा सा इक सपना देखा है' (फिल्म सदमा) से बखूबी जगाया। शैलेन्द्र-नीलिमा ने दिल की गिरह खोल दो' से अपने दिल के शांत भाव की झलक दिखाई । कार्यक्रम की अंतिम पेशकश थी इसी रस पर आधारित रश्मि पटारिया का गीत ओ रे मनवा तू तो बावरा' जिसे फिल्म वेक अप सिड से लिया गया था !

'नवरस' कार्यक्रम का अंत पीयूष टंडन द्वारा सभी सहयोगियों को धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। पूरे कार्यक्रम के दौरान उपस्थित दर्शकों की तालियों की करतल ध्वनि से न केवल सभी कलाकारों का उत्साह वर्धन हुआ बल्कि कार्यक्रम उपरांत दी गई उनकी प्रतिक्रियाओं से 'कोरस' संस्था की इस संगीत संध्या की अपार सफलता का सहज ही अनुमान लगाया जा सका। शहर के गणमान्य न्यायाधीशों, चिकित्कों, अधिवक्ताओं, व्यवसायियों, संगीत प्रेमियों की उपस्थिति कार्यक्रम की अनूठी परिकल्पना व कार्यक्रम में संगीत संगत सत्य प्रकाश शर्मा 'बबलू' जी की थी। इस अवसर पर न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा, न्यायमूर्ति राजेश कुमार, न्यायमूर्ति अशोक कुमार, डॉ. प्रदीप सिन्हा, डॉ. एस.पी. मिश्रा, प्रमोद बंसल व अन्य अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

### मणिपुर में हिंसा के बाद कुकी-जो संगठनों और सरकार के बीच पहला बड़ा समझौता, क्या अब होगी शांति की सुबह?

करीब सवा दो साल के बीच मणिपुर में यह अहम मौका है जब सरकार और कुकी समुदाय के बीच स्थायी समाधान की खोज के लिए एक सहमति बनी है और राज्य में शांति की उम्मीद जगी है। इससे पहले राज्य में जारी संघर्ष के बीच संबंधित पक्षों की अपनी शर्तों की वजह से किसी समझौते तक पहुंचना मुश्किल बना रहा और यही वजह है कि जब कुकी-जो के दो प्रमुख संगठनों और सरकार के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं, तब भी इसके जमीन पर उतरने और स्थायी हल को लेकर एक आशंका बनी हुई है।

हालांकि अब तक सबसे बड़ी समस्या यही रही कि संघर्षरत समूहों के बीच संवाद कायम होना ही एक बड़ी चुनौती थी और इसी वजह से समाधान के किसी प्रारूप पर आगे बढ़ना संभव नहीं हो सका। अब गुरुवार को केंद्र और मणिपुर की सरकार के साथ कुकी-जो के दो समूहों के बीच एक नए समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं, जिसके तहत राज्य की क्षेत्रीय अखंडता को बनाए रखने, राष्ट्रीय राजमार्ग-2 को मुक्त आवाजाही के लिए खोलने और उग्रवादी शिविरों को स्थानांतरित करने पर सहमति बनी है।

इसमें कोई दोराय नहीं कि मई 2023 में शुरू हुए टकराव और हिंसा के जटिल हो चुके स्वरूप के बाद अब कुछ अहम बिंदुओं पर हुए समझौते को अंतिम और सबके लिए स्वीकार्य समाधान के तौर पर देखना जल्दबाजी होगी, लेकिन इस बातचीत में सबसे महत्त्वपूर्ण यह है कि राज्य में हिंसा और संघर्ष से प्रभावित एक मुख्य समूह की नुमाइंगी कर रहे कुकी-जो संगठनों ने भागीदारी की और फिलहाल मणिपुर की क्षेत्रीय अखंडता बरकरार रखने पर सहमति बनी है।

इससे पहले कुकी संगठनों की ओर से यह कई बार कहा गया कि जब तक 'अलग पहाड़ी राज्य' या संघ राज्य क्षेत्र की उनकी मांग पूरी नहीं होगी, तब तक वे किसी समझौते को स्वीकार नहीं करेंगे। यही स्थिति सरकार के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई थी।

इस लिहाज से देखें, तो अगर कुकी-जो के दो समूहों और केंद्र तथा राज्य सरकार के बीच क्षेत्रीय अखंडता बरकरार रखने पर सहमति बनी है, तो इसे मणिपुर में जारी टकराव या संघर्ष की स्थिति को खत्म करके स्थायी समाधान की ओर बढ़ने की कोशिश के तौर पर देखा जा सकता है।

हालांकि इस समझौते के समांतर एक बाधा यह खड़ी हुई है कि मणिपुर में नगाओं की शीर्ष संस्था ने मुक्त आवागमन व्यवस्था को समाप्त करने और भारत-म्यांमा सीमा पर बाड़ लगाने के विरोध में 'व्यापार प्रतिबंध' लागू करने की घोषणा कर दी है।

वहीं कुकी-जो परिषद ने कहा कि समझौते को मैतेई आबादी और कुकी जो के इलाकों के बीच के 'बफर जोन' में किसी तरह की आवाजाही के रूप में नहीं समझा जाए; लोगों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। जाहिर है, कुकी-जो समूहों के साथ बनी सहमति के बावजूद राज्य में स्थायी समाधान और पूर्ण शांति की फिलहाल सिर्फ उम्मीद की जा सकती है।

गौरतलब है कि राज्य में मैतेई समुदाय को जनजाति का दर्जा देने के सवाल पर उभरा संघर्ष वहां कुकी और मैतेई समुदायों के बीच ऐसी दूरी पैदा कर चुका है, जिसका हल निकालना अब तक संभव नहीं हो सका है। वहां जातीय हिंसा के क्रम में कई महिलाओं पर बर्बर अत्याचार किए गए और अब तक ढाई सौ से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। यह समझना मुश्किल है कि अब जाकर केंद्र और राज्य सरकार ने कुकी-जो संगठनों के साथ संवाद कायम करके शांति की राह में जो कदम बढ़ाए हैं, इस तरह की पहल पहले क्यों नहीं हो सकती थी।



# एक शिक्षक, सत्तर बच्चे, देश की कक्षाओं में कोई नहीं पढ़ाने वाला; शिक्षा तंत्र का लाइलाज सच

भारत का भविष्य उसकी कक्षाओं में गढ़ा जा रहा है'। सार्वभौमिक प्रतीत होती इस पंक्ति के साथ कोठारी आयोग ने अपनी विस्तृत रपट 1964 में लिखी और शायद ही सोचा होगा कि इसके छह दशक बाद भी यह भविष्य उन कक्षाओं में रचा जा रहा होगा, जहां मार्गदर्शन के लिए अध्यापक की बाट देखी जा रही है। आज बढ़ती संख्या वाली कक्षाएं अपनी और राष्ट्र की तकदीर लिखने को तैयार बैठी हैं, लेकिन उनमें वह अभिप्रेरणा नहीं है, जो शिक्षक की उपस्थिति से आती है। शिक्षक, जिसे भविष्य गढ़ने का शिल्पी कहा गया, इन कक्षाओं में कम होते जा रहे हैं। परिणाम यह है कि लाखों बच्चे बिना किसी मार्गदर्शन के अपनी किस्मत और देश का भविष्य अंधेरे में गढ़ने को विवश हैं।

हाल ही में आई एक खबर में यह दावा किया गया कि भारत में एक करोड़ शिक्षक चौबीस करोड़ बच्चों को स्कूलों में पढ़ा रहे हैं। यह अनुपात शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिहाज से आदर्श है, लेकिन जमीनी हकीकत उतनी अच्छी नहीं दिखती। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, राजस्थान, कर्नाटक, गुजरात और आंध्र प्रदेश- ये दस राज्य देश की कुल आबादी का लगभग सत्तर फीसद हिस्सा हैं।

उत्तर प्रदेश में प्राथमिक शिक्षा की स्थिति पर राज्य की आधिकारिक वेबसाइट पर दर्ज आंकड़े दर्शाते हैं कि पूरे प्रदेश में 1, 32, 855 सरकारी स्कूलों को 6, 03, 441 शिक्षक संभाल रहे हैं। औसतन देखें तो हर स्कूल में 4.5 शिक्षक नियुक्त हैं। यहीं से असमानता की असली तस्वीर सामने आती है। इन्हीं आंकड़ों में यह भी दर्ज है कि 8, 866 स्कूल ऐसे हैं, जहां सिर्फ एक शिक्षक तैनात है और इन स्कूलों में 6, 11, 950 बच्चे पढ़ते हैं।

यानी एक शिक्षक को औसतन उनहत्तर बच्चों को 'पढ़ाने' की जिम्मेदारी उठानी पड़ रही है। उत्तर प्रदेश की तरह ही अन्य नौ सबसे अधिक आबादी वाले राज्यों की स्थिति भी चिंताजनक है। आधिकारिक आंकड़े बताते हैं कि कुल 10, 17, 660 सरकारी स्कूलों में से 1, 10, 971 स्कूल ऐसे हैं, जहां पूरे विद्यालय की बागडोर केवल एक ही शिक्षक के हाथ में है।



'शिक्षक राष्ट्र निर्माता होते हैं'। यह कहावत आज की हकीकत में कितनी बेमानी लगती है, जब देश के सरकारी स्कूलों में लाखों शिक्षकों की कमी है। सरकारी अनुमानों के मुताबिक, देश में लगभग दस लाख शिक्षकों की तत्काल आवश्यकता है, जिनमें से चार लाख शिक्षकों की जरूरत तो केवल प्राथमिक स्तर पर ही है।

हालांकि, संख्या के हिसाब से यह कोई असंभव कार्य नहीं है। ठोस कदम उठाए जाएं, तो एक वर्ष के भीतर ही इन रिक्तियों को भरा जा सकता है। मगर यह न केवल शिक्षण के पेशे के प्रति उदासीनता को दर्शाता है, बल्कि देश के करोड़ों बच्चों के भविष्य के प्रति उपेक्षा भी करता है। भले ही भारत सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) का हस्ताक्षरकर्ता है, पर पिछले एक दशक से शिक्षक भर्ती और शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम लगातार अनेक समस्याओं से जूझ रहे हैं।

हर बार कुछ वर्ष में ही शिक्षक और शिक्षा पाठ्यक्रम बिना किसी स्पष्ट दृष्टि के लगातार बनाए और बदले जाते रहे हैं। नीति-निर्माताओं की अटपटी योजनाओं के चलते आज भी इस पर स्पष्टता नहीं है कि एक व्यक्ति को बेहतर शिक्षक बनने के लिए किस तरह की शिक्षा और प्रशिक्षण की आवश्यकता है। शिक्षा क्षेत्र में सेवा की स्थिति और वेतनमान की समस्या आज गंभीर होती जा रही है और इसके निदान के संकेत नहीं मिल रहे। भर्ती प्रक्रिया की अनवरत देरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे की कमी शिक्षण पेशे को अरुचिकर बनाती जा रही है।

नतीजतन, प्रतिभाशाली और योग्य युवा इस क्षेत्र में आने से कतराते हैं। सवाल है कि जब भविष्य गढ़ने वाले स्वयं ही असुरक्षा और आर्थिक असमानता से जूझ रहे हों, तो शिक्षा की गुणवत्ता और बच्चों का भविष्य किस आधार पर सुरक्षित माना जाए?

शिक्षा व्यवस्था में सुधार के नाम पर लिए गए नीतिगत निर्णय स्थिति को और जटिल बना रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षक पेशेवर मानकों (एनपीएसटी) और हर वर्ष पचास घंटे की अनिवार्य सतत व्यावसायिक विकास (सीपीडी) जैसी पहल शिक्षण को सशक्त बनाने के बजाय बोझिल बना रही हैं। ये कदम अतिरिक्त नौकरशाही बोझ बनकर उभर रहे हैं, जो उनकी स्वायत्तता को कमजोर करते हुए मनोबल गिरा रहे हैं।

नीतिगत विफलताओं का बोझ सीधे शिक्षकों के कंधों पर डालने से पहले यह जरूरी है कि नीतियों पर फिर से सोच-विचार किया जाए। कागजों में शिक्षकों की तुलना गोविंद से करने की भावपूर्ण भाषा का सहारा लेने के बजाय उन्हें वास्तविक सम्मान, गरिमा और पेशेवर स्वायत्तता मिले। जब तक शिक्षा प्रणाली में ऐसे मौलिक बदलाव नहीं होंगे, तब तक शिक्षक महज आज्ञाकारी वेतनभोगी कर्मचारी बनकर रहेंगे और अपने नियंताओं की वैचारिक प्राथमिकताओं और आदेशों का पालन करने के लिए बाध्य होंगे।

इक्कीसवीं सदी में शिक्षक होना अपने आप में एक चुनौतीपूर्ण और जिम्मेदार कर्तव्य बन चुका है। डिजिटल तकनीकों के माध्यम से सूचनाओं तक पहुंच को आसान बनाया जा सकता हैं, लेकिन उसे जीवंत, प्रेरणादायी और परिवर्तनकारी बनाने के लिए शिक्षक का होना आवश्यक है।

शिक्षक केवल ज्ञान का स्रोत नहीं, बल्कि वह प्रेरणास्रोत, मार्गदर्शक और व्यक्तित्व निर्माता होता है जो विद्यार्थियों को सोचने, सवाल करने और खुद को जानने के लिए प्रेरित करता है। अगर आज हम इस मानवीय क्षमता में निवेश नहीं करेंगे, तो एक ऐसी व्यवस्था बनेगी, जहां भारत का भविष्य उसकी कक्षाओं में बिना किसी मार्गदर्शन के एक भ्रम की दुनिया में गढ़ा जा रहा होगा।

# शिक्षा का व्यवसायीकरण और बाजारीकरण देश के समक्ष बड़ी चुनौती

शिक्षक समाज में उच्च आदर्श स्थापित करने वाला व्यक्तित्व होता है। किसी भी देश या समाज के निर्माण में शिक्षा की अहम भूमिका होती है, कहा जाए तो शिक्षक समाज का आईना होता है। हिन्दू धर्म में शिक्षक के लिए कहा गया है कि आचार्य देवो भवः यानी कि शिक्षक या आचार्य ईश्वर के समान होता है। यह दर्जा एक शिक्षक को उसके द्वारा समाज में दिए गए योगदानों के बदले स्वरूप दिया जाता है। शिक्षक का दर्जा समाज में हमेशा से ही पूजनीय रहा है। कोई उसे गुरु कहता है, कोई शिक्षक कहता है, कोई आचार्य कहता है, तो कोई अध्यापक या टीचर कहता है ये सभी शब्द एक ऐसे व्यक्ति को चित्रित करते हैं, जो सभी को ज्ञान देता है, सिखाता है और जिसका योगदान किसी भी देश या राष्ट्र के भविष्य का निर्माण करना है। सही मायने में कहा जाये तो एक शिक्षक ही अपने विद्यार्थी का जीवन गढता है। और शिक्षक ही समाज की आधारशिला है। एक शिक्षक अपने जीवन के अन्त तक मार्गदर्शक की भूमिका अदा करता है और समाज को राह दिखाता रहता है, तभी शिक्षक को समाज में उच्च दर्जा दिया जाता है।

माता-पिता बच्चे को जन्म देते हैं। उनका स्थान कोई नहीं ले सकता, उनका कर्ज हम किसी भी रूप में नहीं उतार सकते, लेकिन एक शिक्षक ही है जिसे हमारी भारतीय संस्कृति में माता-पिता के बराबर दर्जा दिया जाता है। क्योंकि शिक्षक ही हमें समाज में रहने योग्य बनाता है। इसलिये ही शिक्षक को समाज का शिल्पकार कहा जाता है। गुरु या शिक्षक का संबंध केवल विद्यार्थी को शिक्षा देने से ही नहीं होता बल्कि वह अपने विद्यार्थी को हर मोड़ पर उसको राह दिखाता है और उसका हाथ थामने के लिए हमेशा तैयार रहता है। विद्यार्थी के मन में उमडे हर सवाल का जवाब देता है और विद्यार्थी को सही सुझाव देता है और जीवन में आगे बढ़ने के लिए सदा प्रेरित करता है।

एक शिक्षक या गुरु द्वारा अपने विद्यार्थी को स्कूल में जो सिखाया जाता हैं या जैसा वो सीखता है वे वैसा ही व्यवहार करते हैं। उनकी मानसिकता भी कुछ वैसी ही बन जाती है जैसा वह अपने आसपास होता देखते हैं। इसलिए एक शिक्षक या गुरु ही अपने विद्यार्थी को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। सफल जीवन के लिए शिक्षा बहुत उपयोगी है जो हमें गुरु द्वारा प्रदान की जाती है। विश्व में केवल भारत ही ऐसा देश है यहाँ पर शिक्षक अपने शिक्षार्थी को ज्ञान देने के साथ-साथ गुणवत्ता युक्त शिक्षा भी देते हैं, जो कि एक विद्यार्थी में उच्च मूल्य स्थापित करने में बहुत उपयोगी है। जब अमेरिका जैसे शक्तिशाली देश का राष्ट्रपति आता है तो वो भारत की गुणवत्ता युक्त शिक्षा की तारीफ करता है।

किसी भी राष्ट्र का आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक विकास उस देश की शिक्षा पर निर्भर करता है। अगर राष्ट्र की शिक्षा नीति अच्छी है तो उस देश को आगे बढ़ने से कोई रोक नहीं सकता अगर



राष्ट्र की शिक्षा नीति अच्छी नहीं होगी तो वहाँ की प्रतिभा दब कर रह जायेगी बेशक किसी भी राष्ट्र की शिक्षा नीति बेकार हो, लेकिन एक शिक्षक बेकार शिक्षा नीति को भी अच्छी शिक्षा नीति में तब्दील कर देता है। शिक्षा के अनेक आयाम हैं, जो किसी भी देश के विकास में शिक्षा के महत्व को अधोरेखांकित करते हैं। वास्तविक रूप में ज्ञान ही शिक्षा का आशय है, ज्ञान का आकांक्षी है- विद्यार्थी और इसे उपलब्ध कराता है शिक्षक।

एक शिक्षक द्वारा दी गयी शिक्षा ही शिक्षार्थी के सर्वांगीण विकास का मूल आधार है। प्राचीन काल से आज पर्यन्त शिक्षा की प्रासंगिकता एवं महत्ता का मानव जीवन में विशेष महत्व है। शिक्षकों द्वारा प्रारंभ से ही पाठ्यक्रम के साथ ही साथ जीवन मूल्यों की शिक्षा भी दी जाती है। शिक्षा हमें ज्ञान, विनम्रता, व्यवहार कुशलता और योग्यता प्रदान करती है। शिक्षक को ईश्वर तुल्य माना जाता है। आज भी बहुत से शिक्षक शिक्षकीय आदर्शों पर चलकर एक आदर्श मानव समाज की स्थापना में अपनी महती भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। लेकिन इसके साथ-साथ ऐसे भी शिक्षक हैं जो शिक्षक और शिक्षा के नाम को कलंकित कर रहे हैं, और ऐसे शिक्षकों ने शिक्षा को व्यवसाय बना दिया है, जिससे एक निर्धन शिक्षार्थी को शिक्षा से वंचित रहना पड़ता है और धन के अभाव से अपनी पढाई छोडनी पडती है। आधुनिक युग में शिक्षक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिक्षक वह पथ प्रदर्शक होता है जो हमें किताबी ज्ञान ही नहीं बल्कि जीवन जीने की कला सिखाता है।

आज के समय में शिक्षा का व्यवसायीकरण और बाजारीकरण हो गया है। शिक्षा का व्यवसायीकरण और बाजारीकरण देश के समक्ष बड़ी चुनौती हैं। पुराने समय में भारत में शिक्षा कभी व्यवसाय या धंधा नहीं थी। इससे छात्रों को बडी कठिनाई का सामना करना पड रहा है। शिक्षक ही भारत देश को शिक्षा के व्यवसायीकरण और बाजारीकरण से स्वतंत्र कर सकते हैं। देश के शिक्षक ही पथ प्रदर्शक बनकर भारत में शिक्षा जगत को नई बुलंदियों पर ले जा सकते हैं।

गुरु एवं शिक्षक ही वो हैं जो एक शिक्षार्थी में उचित आदर्शों की स्थापना करते हैं और सही मार्ग दिखाते हैं। एक शिक्षार्थी को अपने शिक्षक या गुरु प्रति सदा आदर और कृतज्ञता का भाव रखना चाहिए। किसी भी राष्ट्र का भविष्य निर्माता कहे जाने वाले शिक्षक का महत्व यहीं समाप्त नहीं होता क्योंकि वह ना सिर्फ हमको सही आदर्श मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं बल्कि प्रत्येक शिक्षार्थी के सफल जीवन की नींव भी उन्हीं के हाथों द्वारा रखी जाती है।

किसी भी देश या राष्ट्र के विकास में एक शिक्षक द्वारा अपने शिक्षार्थी को दी गयी शिक्षा और शैक्षिक विकास की भूमिका का अत्यंत महत्व है। आज शिक्षक दिवस है, आज का दिन गुरुओं और शिक्षकों को अपने जीवन में उच्च आदर्श जीवन मूल्यों को स्थापित कर आदर्श शिक्षक और एक आदर्श गुरु बनने की प्रेरणा देता है।

# भारत के प्रधानमंत्री को पूरा विश्व दे रहा सम्मान और विपक्ष कर रहा अपमान

बिहार विधानसभा चुनाव - 2025 को लेकर राजनैतिक दलों की गतिविधियां तीव्र हो चली हैं । यद्यपि अभी वहां चुनाव होने में दो माह से अधिक का समय शेष है तथापि चुनावी घमासान चरम पर पहुंच गया है। चुनाव आयोग ने मतदाता सूची को ठीक करने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण अर्थात एसआईआर कराया तो राहुल बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के साथ वोटर अधिकार यात्रा निकालने में लग गए जिसमें उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव सहित तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन भी शामिल हुए।

राहुल गांधी की यह यात्रा तो थी वोटर अधिकार रैली किंतु आगे बढ़ते हुए बन गई बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठिया बचाओ और उनको मतदाता बनाओ रैली। राहुल गांधी की बिहार में आयोजित वोटर अधिकार रैली में भारत के प्रति अपनेपन का गहरा अभाव रहा। तमिल नेता स्टालिन को बुलाकर हिंदी भाषा का अपमान किया गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड्गे व राहुल गांधी सहित अन्य नेताओं ने पटना रैली में भारत व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित चुनाव आयोग के खिलाफ जी भरकर नफरत भरी बयानबाजी की और अपशब्द कहे। यात्रा अंतिम चरण तक पहुँचते पहुँचते इतनी जहरीली हो गई कि राहुल के करीबी नेताओं ने भरे मंच प्रधानमंत्री की माँ के लिए लिंगवाचक गालियों का प्रयोग कर दिया। इस प्रकार राहुल गांधी अपना परमाणु बम प्रभावहीन होने बाद हाइड्रोजन बम की तलाश में हैं।

वोटर अधिकार यात्रा अराजकता और राहुल गांधी व उनके समर्थकों की अनुशासनहीनता और अभद्रता के प्रदर्शन के कारण ही चर्चा में रही। जिस समय पूरा वैश्विक समुदाय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को सुनना और उनका मार्गदर्शन प्राप्त करना चाह रहा है, उनके नेतृत्व में एक नया वर्ल्ड आर्डर आकार ले रहा है उस समय राहुल गांधी - तेजस्वी यादव व अन्य नेताओं ने मोदी व उनकी मां तक का अपमान करने का कोई अवसर नही छोड़ा। राहुल गांधी के नेतृत्व वाला संपूर्ण विपक्ष बहुत ही ओछी प्रवृत्ति का उदाहरण प्रस्तुत करता रहा।

बिहार के दरभंगा जिले में कांग्रेस के मंच से एक स्थानीय मुस्लिम नेता मोहम्मद रिजवी ने प्रधानमंत्री मोदी की मां को अपशब्द कहे, उससे भी आश्चर्यजनक बात यह रही कि राहुल गांधी ने अपने कार्यकर्ता की उस शर्मनाक हरकत के लिए सार्वजनिक माफी तक नहीं मांगी बल्कि अलग अलग तरह से उसका बचाव किया। वोटर अधिकार रैली का सारा प्रकरण अब प्रधानमंत्री मोदी व उनकी मां के अपमान की ओर झुक गया। प्रधानमंत्री मोदी की मां के अपमान की चारों ओर निंदा हो रही है । जो लोग वोट चोर के नारे से नायक बनने निकले थे अब उनके चेहरे पर हवाईयां उड़ती दिख रही हैं।

पीएम मोदी को 111वीं गाली व मां का अपमान अब विपक्ष पर भारी-

हर बार की तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विरोधी दलों के नेताओं की गालियों को अपना हथियार बना लिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार की महिलाओं को एक कार्यक्रम में भोजपुरी में संबोधित करते हुए इसे केवल अपनी मां का नहीं अपितु देश की हर मां बहन और बेटी का अपमान बताया। प्रधानमंत्री मोदी का यह भावुक संबोधन सुनकर बिहार प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व वहां पर उपस्थित तमाम मातृशक्ति के आंखां में अश्रु आ गए। बिहार में भाजपा व राजग गठबंधन ने इसे लेकर सफलतापूर्वक पूर्ण बंद किया है। राजग गठबंधन की ओर से आयेजित बंद को बिहार में पूर्ण समर्थन मिल रहा है अनेक स्थानों पर महिला कार्यकर्ता ही बंद का आयोजन कर रही हैं।



इतिहास साक्षी है कि जब - जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपशब्द कहे गए हैं या उनका सार्वजनिक अपमान किया गया है तब -तब उन्हें राजनैतिक लाभ हुआ है। मोदी जी जब से प्रधानमंत्री बने हैं तभी से कांग्रेस व विरोधी दलों के नेताओं में उन्हें अपशब्द कहने की होड़ लगी है। आज कांग्रेस का कोई नेता ऐसा नहीं बचा है जिसने उन्हें गाली न दी हो या फिर अपमानित न किया हो।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मौत का सौदागर से लेकर जहरीला सांप, नीच आदमी, रावण, भस्मासुर और वायरस तक कहा जा चुका है। दिसंबर 2017 में कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने कहा कि, यह बहुत नीच किस्म का आदमी है इसमें कोई सभ्यता नहीं है। कांग्रेस नेता इमरान मसूद ने मोदी बोटी बोटी काटने की बात कही थी। बेनी प्रसाद वर्मा ने पागल कुत्ता बताया था। एक समय था जब कांग्रेस नेता शशि थरूर ने प्रधानमंत्री मोदी को गालियां देने की झड़ी लगा दी थी। सोनिया और राहुल सहित कांग्रेस के 12 ऐसे नेता हैं जिन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को जमकर गालियां दी और हर गाली के बाद देश में जहां भी चुनाव हुए वहां का राजनैतिक वातावरण बदल गया। प्रधानमंत्री मोदी के विरुद्ध निजी अपमानजनक टिप्पणी कांग्रेस को हमेशा नुकसान पहुंचाती है लेकिन यह बात राहुल गांधी व उनके सलाहकार समझ नहीं पा रहे हैं।

राजनैतिक विश्लेषकों का अनुमान है कि प्रधानमंत्री मोदी की स्वर्गीय मां के अपमान से अब बिहार की राजनीति पूरी तरह से बदल गई है। प्रधानमंत्री मोदी व एनडीए समर्थक कार्यकर्ताओं में अभूतपूर्व आक्रोष व्याप्त हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी की मां का अपमान एक मुस्लिम नेता ने किया है और राहुल गांधी ने केवल मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में ही वोटर अधिकार यात्रा निकाली है जिसका असर यह होगा कि अब वहां पर मतों का धार्मिक आधार पर ध्रुवीकरण होगा। बिहार की राजनीति में मातृशक्ति निर्णायक मतदाता है और नीतिश कुमार की सरकार में नारी शक्ति के हित में कई कार्य हुए हैं । उस पर मोदी जी की मां के अपमान से अब महिला मतदाताओं का एक बहुत बड़ा वर्ग राजग गठबंधन की ओर झुक जाएगा।

मां के प्रति अपमानजनक शब्द सुनकर प्रधानमंत्री मोदी का भावुक होना स्वाभाविक है। उनकी मां तीन वर्ष पूर्व नश्वर देह त्याग चुकी हैं, वे कभी राजनीति में भी नहीं रहीं ऐसी परिस्थिति में मां का अपमान कोई भी बेटा स्वीकार नहीं करेगा। यदि जिस दिन यह दुखद घटना घटी उसी दिन राहुल और तेजस्वी उसकी कड़ी निंदा कर माफ़ी मांग लेते तो बात इतनी आगे नहीं बढ़ती। राहुल गांधी ने मुस्लिम तुष्टीकरण के लिए अपने छुटभैये मुस्लिम नेता से प्रधानमंत्री और उनकी माँ को अपमानित कराकर ऐसा सेल्फ गोल किया है जिसकी भरपाई असंभव है।

# जनपद में प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2025 शांतिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर भ्रमण कर किया निरीक्षण

**मंत्र भारत संवाददाता**

भदोही। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पी0ई0टी0)-2025 का दूसरा व अंतिम दिन जनपद के 17 परीक्षा केन्द्रों पर निष्पक्ष, पारदर्शी, शांतिपूर्ण व सकुशल ढंग से सम्पन्न हुई। परीक्षा को नकल विहीन व पारदर्शी ढग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर भ्रमण कर निरीक्षण किया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केन्द्र जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज, सेंट थॉमस सीनियर सेकेंडरी स्कूल ज्ञानपुर भदोही सहित अन्य परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। उनके द्वारा सीसीटीवी कंट्रोल रूम में परीक्षा कक्षों के गतिविधियों की जानकारी ली गई।

जिलाधिकारी ने जानकारी देते हुये बताया कि जनपद के 17 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पी0ई0टी0)-2025 के द्वितीय दिन के लिये प्रथम और द्वितीय दोनों पालियों में पंजीकृत 8040 व 8040 के सापेक्ष क्रमशः 6597 व 6679 कुल 13276 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि 2804 अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दोनों दिन के सभी चारों पालियों को मिलाकर कुल 32160 में से, 26435 अर्थात 82.19 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।

परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक, कक्ष अंतरीक्षक सहित अन्य अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई थी, जिसका सभी ने सम्यक दायित्वों का निर्वहन किया।




# सुबह की हवा 100 रोगों की दवा जितेंद्र गुप्ता, गोपीगंज नगर पालिकाध्यक्ष

**मंत्र भारत संवाददाता**

भदोही। भदोही साइकिलिंग क्लब के तत्वाधान में गोपीगंज राष्ट्रीय राजमार्ग बड़ा चौराहा से पर्यावरण और स्वास्थ्य जागरूकता अभियान साइकिल यात्रा निकाली गई। अताउल अंसारी की अध्यक्षता में निकली साइकिल यात्रा आरंभ होकर भ्रमण करते हुए गोपीगंज नगर पालिका पहुंची।

वहां पहुँचने पर नगर पालिकाध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता सभासदगण और कर्मचारीगण के साथ उपस्थित रहे और सभी चालकों का फुलमाला से जोरदार स्वागत किया। जितेंद्र गुप्ता ने कहा कि सुबह की हवा 100 रोगों की दवा है। सभी को सुबह उठकर योग व्यायाम खेलकूद अवश्य करना चाहिए जिससे सभी स्वस्थ व निरोग रहें। आसपास व छोटी दूरी के कार्य साइकिल से या पैदल करें इससे मोटर साइकिल और कार से होने वाले प्रदूषण को भी कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भदोही साइकिलिंग क्लब का कार्य बहुत ही सराहनीय और



प्रशंसनीय है जो अपना अमूल्य समय निकालकर जगह-जगह जाकर लोगों को पर्यावरण और स्वास्थ्य के बारे में जागरूक कर रहे हैं। नगर पालिकाध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल यात्रा को रवाना किया।

साइकिल यात्रा पुनः आरंभ होकर लाई बाजार पड़ाव स्टेशन रोड पश्चिम मोहाल छोटा चौराहा अंजही मोहाल भगवतपुर केड़वरिया खड़हट्टी मोहाल काली देवी रामलीला मैदान के आस पास का भ्रमण करते हुए वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ, वृक्षों की जब करोगे रक्षा, तभी बनेगा जीवन अच्छा, हिंदुस्तान जिंदाबाद, स्वस्थ रहे मस्त रहे, करो योग रहो निरोग, हम सबने ये ठाना है पुरे भदोही को स्वस्थ बनाना है, सुबह की हवा सौ रोगों की दवा, भारत माता की जय, वन्दे मातरम का नारा लगाते हुए लोगों को स्वास्थ्य और पर्यावरण के बारे में जागरूक करते हुए शहीद तिराहा पर इसका समापन हुआ ।

साइकिल यात्रा में बेचन सिंह, रवि प्रकाश पांडेय, पंचदेव सभासद, मुस्तफा अंसारी सभासद, बल्ला मौर्या सभासद प्रतिनिधि, गुलाम मुस्तफा पूर्व सभासद, सरफराज अहमद, राम श्रंगार चौधरी प्रधान प्रतिनिधि, मुस्ताक अंसारी, कमलेश कश्यप, मैनुद्दीन अली, हीरा बिंद, अबरार हाशमी, सीताशरण गौतम, कार्तिक सुनील, प्रमोद मौर्या, महमूद आलम, प्रेम गुप्ता, तौसीफ रजा, सुंदरम चौधरी, मुज्तबा अंसारी, विराट चौधरी, इमरान अहमद, आर्यन यादव, शमसुल आरेफ़ीन, आनंद चौरसिया, फैज आलम, अजीत यादव, फैज शेख, नकीउद्दीन समेत आदि रहे।

# पीईटी परीक्षा में नकल/प्रतिरूपण के द्वारा छल करने वाले परीक्षार्थी पर नकेल

## परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए जाने हेतु भदोही पुलिस व प्रशासन प्रतिबद्ध

**मंत्र भारत संवाददाता**

भदोही। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा पीईटी परीक्षा को नकलविहीन व शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देश के क्रम में सभी परीक्षा केंद्रों पर केंद्र व्यवस्थापक, स्टेटिक टीम सहित सीसीटीवी कैमरों का व्यवस्थापन व पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है।

जिला पंचायत बालिका इण्टर कालेज ज्ञानपुर में द्वितिय पाली में आयोजित पीईटी परिक्षा 2025 संचालित हो रही थी जिसमें अभ्यर्थी गजेन्द्र बर्मा पुत्र सुरेन्द्र कुमार वर्मा नि0 कमालपुर जनपद चन्दौली के स्थान पर अरविन्द कुमार पुत्र सीताराम नि0 ग्राम माधोपुर पो0 डबरिया थाना धीन्ना जिला चन्दौली परीक्षा देते हुए सन्देह होने पर बायोमेट्रिक कराया गया तो बायोमेट्रिक मिस मैच कर गया जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 212/25 धारा 319(2)/318(4)/338/336(3)/340(2)बीएनएस व धारा 7/13(3) उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधनों निवारण अधिनियम-2024 का अभियोग पंजीकृत कर गिरफ्तार किया गया। नकलची परीक्षार्थियों व परीक्षा में अशांति फैलाने वाले अवांछनीय तत्वों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। जनपद में होने वाले सभी परीक्षा को नकलविहीन, शूचितापूर्ण, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए जाने हेतु भदोही पुलिस व प्रशासन प्रतिबद्ध है।



# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का निरीक्षण मुख्य चिकित्सा अधिकारी भदोही द्वारा किया गया

**मंत्र भारत संवाददाता**

भदोही। प्रा0स्वा0केन्द्र, डेरवा प्रा0स्वा0केन्द्र, डेरवा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का मुख्य चिकित्सा अधिकारी भदोही डॉक्टर संतोष कुमार चक्र द्वारानिरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान उक्त केन्द्र पर सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित पाये गये। अधोहस्ताक्षरी द्वारा श्रीमती पूजा स्टाफ नर्स को निर्देशित किया गया कि चिकित्सालय परिसर पर निवास करते हुये 24*7 प्रसव कराने हेतु निर्देशित किया गया। सोन पाल सी0एच0ओ0 द्वारा डेरवा परिसर पर निवास बनाकर कार्य नही किया जाता है अधोहस्ताक्षरी द्वारा 07 दिवस का वेतन बाधित किया गया।

उपकेन्द्र खेतलपुर- आज दिनांक 07.09.2025 को अपरान्ह् 2.00 बजे उपकेन्द्र खेतलपुर का निरीक्षण किया गया अधोहस्ताक्षरी द्वारा सुषमा राय का माह सितम्बर 2025 का 07 दिवस का वेतन बाधित करते हुये निर्देशित किया गया कि उपकेन्द्र पर निवास बनाकर 24*7 प्रसव काय करना सुनिश्चित करे ।माह सितम्बर 2025 का 07 दिवस का वेतन जबतक देय नही होगा जब तक निवास बनाकर कार्य नही करेगी तथा चिकित्सा अधीक्षक की संस्तुति प्राप्त नही होती है।



# मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों हेतु नव चयनित 1510 अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र किया वितरित

## जिपं अध्यक्ष, विधायक औराई व डीएम द्वारा जनपद में नव चयनित 4 अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र किया गया वितरित

**मंत्र भारत संवाददाता**

भदोही। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा आज लखनऊ लोक भवन ऑडिटोरियम में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत नव चयनित 1510 अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत नव चयनित अनुदेशकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया।

मुख्यमंत्री द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार में नियुक्ति पत्र वितरण के दृष्टिगत आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, विधायक औराई दीनानाथ भास्कर, जिलाधिकारी शैलेष कुमार, अन्य संबंधित अधिकारियों एवं नव चयनित अनुदेशकों द्वारा देखा और सुना गया। उपर्युक्त द्वारा जनपद भदोही में नव नियुक्त 04 अनुदेशकों आस्था सिंह, मनिंद्र मौर्य, साजिद खान, वीना मौर्य को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी तथा अपने पदीय दायित्वों का निष्ठापूर्वक व जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने की अपेक्षा व्यक्त किया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य/नोडल आईटीआई विनोद कुमार, जिला सूचना अधिकारी डॉ पंकज कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं नव चयनित अनुदेशक आदि उपस्थित रहे।



# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर भ्रमण कर किया निरीक्षण

## प्रथम दिन संपन्न प्रथम और द्वितीय दोनों पालियों में पंजीकृत 8040 व 8040 के सापेक्ष क्रमशः 6532 व 6627 कुल 13159 अभ्यर्थी 81.83 इ रहे उपस्थित, जबकि 2921 अनुपस्थित

**मंत्र भारत संवाददाता**

भदोही। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पी0ई0टी0)-2025 जनपद के 17 परीक्षा केन्द्रों पर निष्पक्ष, पारदर्शी, शांतिपूर्ण व सकुशल ढंग से सम्पन्न हुई। परीक्षा को नकल विहीन व पारदर्शी ढग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर भ्रमण कर निरीक्षण किया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केन्द्र काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ब्लॉक ए , ब्लॉक बी, इंद्र बहादुर सिंह नेशनल इंटर कॉलेज, प्रेम बहादुर सिंह पब्लिक स्कूल, सनबीम स्कूल सहित अन्य परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। उनके द्वारा सीसीटीवी कंट्रोल रूम में परीक्षा कक्षों के गतिविधियों की जानकारी ली गई।

जिलाधिकारी ने जानकारी देते हुये बताया कि जनपद के 17 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पी0ई0टी0)-2025 के लिये प्रथम और द्वितीय दोनों पालियों में पंजीकृत 8040 व 8040 के सापेक्ष क्रमशः 6532 व 6627 कुल 13159 अभ्यर्थी 81.83 इ उपस्थित रहे। जबकि 2921 अनुपस्थित रहे।

परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक , कक्ष अंतरीक्षक सहित अन्य अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई थी, जिसका सभी ने सम्यक दायित्वों का निर्वहन किया।



# पुलिस आवासीय परियोजना की डीएम व एसपी ने किया भूमि पूजन व शिलान्यास

## सागर रायपुर शिखापुर में 48 टाइप-बी पुलिस आवासों का होगा निर्माण

**मंत्र भारत संवाददाता**

भदोही। जनपद के सागर रायपुर शिखापुर क्षेत्र में पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज के बगल पुलिस विभाग की एक महत्वपूर्ण आवासीय परियोजना का भूमि पूजन एवं शिलान्यास सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने विधिवत भूमि पूजन कर प्रथम ईंट रखकर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। यह आवासीय परियोजना पुलिसकर्मियों को बेहतर रहने की सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस परियोजना के अंतर्गत टाइप-बी श्रेणी के कुल 48 आवासों का निर्माण किया जाएगा। निर्माण कार्य सी एंड डी एस यूनिट-38 मिर्जापुर द्वारा कराया जाएगा। परियोजना की निर्धारित अवधि लगभग डेढ़ वर्ष है, जिसके भीतर इसका निर्माण कार्य पूर्ण कराए जाने की योजना है।

जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने भूमि पूजन के पश्चात कहा कि यह परियोजना जिले के पुलिसकर्मियों को सशक्त और सुविधाजनक जीवन प्रदान करने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।



पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने कहा कि लंबे समय से पुलिस विभाग में आवासीय सुविधाओं की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। यह परियोजना इस दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी। बेहतर आवासीय सुविधाएं पुलिसकर्मियों के मनोबल को बढ़ाएंगी और वे अधिक उत्साह से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकेंगे।

इस अवसर पर गोपीगंज थानाध्यक्ष, पुलिस विभाग के अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# मनुष्य द्वारा किया हुआ कर्म का फल अवश्य भोगना पडता हैं- अवनीश भाई महाराज

**मंत्र भारत संवाददाता**

भदोही। गोपीगंज क्षेत्र के सुजातपुर में आयोजित श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के संगीतमय प्रवचन में कथा वाचक आचार्य अवनीश भाई महाराज ने दूसरे दिन भागवत और पुराणों के बारे में चर्चा किया। महाराज ने कहा कि श्रीमद भागवत में भगवान और उनके भक्तों के चरित्र का बखान हो। कहा कि राम और कृष्ण कला अवतार हैं, दोनों अवतार पूर्ण ब्रह्म हैं।

ओम के विभाजन के बाद वेदों का निर्माण हुआ और पांचवे वेद के रूप में महाभारत की रचना की लेकिन वेद व्यास को संतुष्टि नहीं हुई। महाराज ने कहा कि आज के समय में लोगों के पास वेद पुराण पढ़ने का समय नहीं हैं, इसलिए लोगों को ज्ञान और भक्ति पर लाने के लिए तमाम आध्यात्मिक कथाये हैं जिससे लोग सीख लेते हैं। आचार्य अवनीश भाई महाराज ने चिता जाहिर कहते हुए कहा कि लोग वेद व्यास के बातों को लोग नहीं समझ पाए और वेद की बातों को अपने हिसाब से अर्थ का अनर्थ कर देते हैं, जो सर्वथा अनुचित हैं। आचार्य ने प्रवचन में नारद के पूर्व जन्म की कथा सुनाई।



मनुष्य द्वारा किया हुआ कर्म का भोगना ही पडेगा। इस मौके पर अशोक शुक्ला, नीरज मिश्रा, प्रजेश त्रिपाठी, मनीष शुक्ला, विजय पाण्डेय, संजय तिवारी, आशीष मिश्रा, अरुणेश पाण्डेय, पट्टर पाण्डेय, सुधाकर पाण्डेय, दिवाकर पाण्डेय और उमाशंकर पाण्डेय समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# डीएम, एसपी ने आराजी आवटन के सम्बध में दाखलि़ दावे की स्थलीय निरीक्षण कर की जांच

**मंत्र भारत संवाददाता**

भदोही। जिलाधिकारी शैलेष कुमार व पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक द्वारा तहसील औराई के सोनबरसा की आराजी आवटन के सम्बध में दावाकर्ता दिनेश सिंह चौहान द्वारा दाखलि़ दावे की स्थलीय निरीक्षण कर जांच की गई।

दावा कर्ता दिनेश सिंह चौहान ने आवंटन दिनांक 26 दिसंबर 1998 निरस्त किए जाने हेतु जिलाधिकारी न्यायालय में दावा दाखिल किया है। स्थलीय निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा तहसील कर्मचारियों एवं आवंटियों से अभिलेखों की तथा पट्टा के संबंध में पूछताछ कर जानकारी प्राप्त की तथा पट्टा के संबंध में गहनता से जांच कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इस दौरान दावा कर्ता पक्ष व पट्टा धारक पक्ष मौके पर उपस्थित रहे।





उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा को सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत शैलेष कुमार, जिलाधिकारी एवं अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज ज्ञानपुर भदोही, सेंट थॉमस स्कूल इत्यादि स्कूलों का भ्रमण/निरीक्षण किया गया।

### शामली में इंडोर कबड्डी कोर्ट का जयंत चौधरी ने किया लोकार्पण

# कहा- 'विपक्ष के कई सांसद हमारे संपर्क में उपराष्ट्रपति चुनाव में एनडीए की होगी जीत'

लखनऊ **(एजेंसी)**। प्रदेश के जनपद शामली पहुंचे केंद्रीय मंत्री व रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने जिले के खिलाड़ियों के लिए अपनी सांसद निधि से 25 लाख रुपए की धनराशि देकर एक कबड्डी के खेल मैदान में टीन शेड का निर्माण करवाया है। जिससे किसी भी प्रकार के मौसम में खिलाड़ियों का अभ्यास न छूटे और गांव के प्रतिभाशाली खिलाड़ी अपने सपनों को साकार कर सके। वहीं जयंत चौधरी ने उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर कहा कि विपक्ष के कई सांसद हमारे संपर्क में है जो कि एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करेंगे और उपराष्ट्रपति चुनाव में एनडीए की विजय होगी।

बता दें कि रविवार को केंद्रीय मंत्री व रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी कांधला क्षेत्र के गांव कनियान में पहुंचे थे। जहा उन्होंने अपनी सांसद निधि से करीब 25 लाख रुपए की लागत से गांव में स्थित इंडोर कबड्डी खेल मैदान पर खिलाड़ियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए टीन शेड निर्माण का उद्घाटन किया। इस दौरान युवाओं और खिलाडियों का जोश देखते ही बन रहा था। इस दौरान जयन चौधरी ने कहा कि अब हमारे खिलाड़ियों को कड़ी धूप और बारिश या किसी भी प्रतिकूल मौसम में अपना निरंतर कबड्डी या कुश्ती का अभ्याश करने में दिक्कत नहीं होगी। जिससे युवा आगे बढ़ेंगे। उन्होंने उपराष्ट्रपति चुनाव के बारे में बात करते हुए कहा कि विपक्ष के कई सांसद हमारे संपर्क में है और वे सभी सांसद राष्ट्रपति चुनाव में एनडीए के उम्मीदवार को वोट देंगे। जिसके चलते एनडीए की विजय होगी।



उन्होंने विपक्ष के बिहार में वोट चोरी के आरोप को लेकर कहा कि विपक्ष बेकार में ही वोट चोरी का डर फैला रहा है। चुनाव आयोग की प्रक्रिया पूर्व से चली आ रही है जो लोग गांव से शहर चले जाते है अक्सर उनकी वोट दो जगह हो जाती है। विपक्ष बेवजह ही डर फैला रहा है बिहार का चुनाव पूरी तरह से निष्पक्ष होगा। वहीं उन्होंने जीएसटी को लेकर कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी का सरलीकरण किए जाने पर किसानों को इसका फायदा होगा। जिससे जो ट्रैक्टर या अन्य कृषि यंत्र महंगे दामों पर मिलते थे अब उन पर राहत मिलेगी। उन्होंने अभी हाल ही में मुजफ्फरनगर में अपने द्वारा दिए गए बयान को लेकर कहा कि मेरी बंदिशे किसानों के लिए नई है बल्कि नैतिक तौर पर है। किसानों की समस्याओं का समाधान करना उनकी जिम्मेदारी है।

# ट्रंप टैरिफ के आतंक से निपटने के लिये ठोस कदम उठाए सरकार : मायावती

लखनऊ **(एजेंसी)**। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ की आलोचना करते हुए रविवार को कहा कि ट्रंप टैरिफ के आतंक से निपटने के लिये केंद्र सरकार को ठोस कदम उठाने चाहिए। मायावती ने यहां पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ एक बैठक में अपने संबोधन के दौरान अमेरिकी टैरिफ का जिक्र करते हुए कहा, अमेरिका द्वारा थोपे गये 50 प्रतिशत ट्रंप टैरिफ के आतंक के कारण पैदा हुईं चुनौतियों से निपटने के लिए सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को देश की जनता के लाभ के लिए मजबूत और सार्थक कदम उठाने चाहिए।

उन्होंने कहा, यदि ऐसा नहीं किया गया तो देश की जनता को परेशान करने वाली समस्याएं जैसे गरीबी, मुद्रास्फीति, बेरोजगारी, अशिक्षा, पलायन और भी बदतर हो जाएंगी तथा देश के सम्मान और वैश्विक प्रतिष्ठा पर इसका असर पड़ेगा।

मायावती ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब एक दिन पहले ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार



को कहा कि वह भारत-अमेरिका संबंधों के 'सकारात्मक' आकलन के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सराहना करते हैं। इससे पहले, ट्रंप ने दोनों देशों के 'विशेष' संबंध की सराहना की, जिसे दोनों देशों के रिश्तों में आए तनाव को खत्म करने के प्रयास के तौर पर देखा गया।

भारतीय सामानों पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने के ट्रंप के फैसले के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया था। इसमें से 25 प्रतिशत शुल्क रूस से कच्चा तेल खरीदने को लेकर लगाया गया था।

भारत ने अमेरिकी कार्रवाई को 'अनुचित और विवेकहीन' बताया था। बसपा प्रमुख का यह बयान इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि उत्तर प्रदेश के प्रमुख निर्यात केंद्र अमेरिका द्वारा भारतीय सामानों पर लगाए गए टैरिफ के प्रभाव से जूझ रहे हैं, निर्यातकों ने रोजगार छिनने, ऑर्डर रुकने और बाजार तक पहुंच कम होने की आशंकाएं जतायी हैं।

नोएडा, कानपुर और वाराणसी के प्रमुख उद्यमियों ने कहा है कि टैरिफ ने वर्षों की कड़ी मेहनत से बनाये गये बाजार को खतरे में डाल दिया है। भदोही के कालीन निर्यातकों, रामपुर के मेंथा तेल उत्पादकों और मुरादाबाद के पीतल के बर्तनों के निर्यातकों ने भी ऐसी ही चिंताएं जाहिर की थीं।

भदोही सीट से समाजवादी पार्टी के विधायक जाहिद बेग ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर जिले के प्रसिद्ध कालीन उद्योग की मदद के लिये हस्तक्षेप करने की मांग की है। भदोही का कालीन उद्योग काफी हद तक निर्यात पर निर्भर है।

बेग ने इससे पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी पत्र लिखकर 30 लाख लोगों को रोजगार देने वाले कालीन उद्योग को बचाने के लिए एक विशेष बेलआउट पैकेज की मांग की थी।

# भाइजपाइयों को जमीन कब्जों से मिले फुर्सत तभी लेंगे संगठन की सुध : अखिलेश यादव

लखनऊ **(एजेंसी)**। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के बयान पर समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने निशाना साधते हुए कहा कि जब भाजपाई ज़मीन-कब्ज़ा, भ्रष्टाचार और आपसी कलह से फुर्सत पा लेंगे, तभी संगठन की सुध ले सकेंगे। अखिलेश यादव का यह बयान एक दिन पूर्व मेरठ में चौधरी द्वारा दिये गए बयान के परिपेक्ष्य में आया है, जिसमे उन्होंने कहा था '' थाना चौकी छोड़कर संगठन को संभाले जिला अध्यक्ष।''

रविवार को सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव कहा ''इसके पीछे भाजपा के खात्मे के मूल कारण हैं: भाजपा की सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की नकारात्मक राजनीति।अकूत पैसे कमाने की महाभ्रष्ट सोच? किसान, मजदूर, युवा, महिला, नौकरी-कारोबार विरोधी नीतियाँ?

भाजपाइयों के किसी के सगे नहीं होने के हर दिन बढ़ते उदाहरण। भाजपाइयों के हर स्तर व हर तरफ से भ्रष्ट-चारित्रिक पतन के आते समाचार व वीडियो। भाजपा व उनके संगी-साथियों द्वारा संविधान व आरक्षण को पिछले दरवाज़े से खत्म करने की साजिश। भाजपा द्वारा अपने सहयोगी दलों का घोर अपमान, उपेक्षा व तिरस्कार। पीडीए के लिए भाजपाइयों के मन में कूट-कूटकर भरी दुर्भावना? पीडीए समाज के उत्पीड़न-शोषण को बढ़ावा देने की वर्चस्ववादी सोच। सच तो ये है कि समाज में दरार डालते-डालते भाजपा खुद ही दरारों से भर गई है। भाजपा गई।''



गौरतलब है कि कि भाजपा इन दिनों पंचायत चुनाव को लेकर लगातार सक्रिय है। जगह जगह जाकर वरिष्ठ पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को बूस्ट कर रहे हैं। इसीक्रम भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने जिलाध्यक्षों को संगठन पर ध्यान देने और सरकारी काम विधायकों के लिए छोड़ने का निर्देश दिया।

# बाढ़ प्रभावित हिमाचल प्रदेश को राहत कार्य के लिए पांच करोड़ रुपये देगा असम

गुवाहाटी **(एजेंसी)**। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि राज्य सरकार बाढ़ प्रभावित हिमाचल प्रदेश में राहत कार्यों के लिए पांच करोड़ रुपये का योगदान देगी। शर्मा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में हिमाचल प्रदेश में आई आपदा में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना भी व्यक्त की। उन्होंने कहा, 'हिमाचल प्रदेश में आई विनाशकारी बाढ़ से जान-माल का भारी नुकसान हुआ है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना और प्रभावितों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना।' शर्मा ने कहा, 'असम की जनता की ओर से हम राहत और पुनर्वास कार्यों में सहायता के लिए हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री राहत कोष में पांच करोड़ रुपये का योगदान दे रहे हैं।' हिमाचल प्रदेश में 20 जून को मानसून के आगमन के बाद से विभिन्न जगहों पर भूस्खलन की 133 बड़ी घटनाएं, 95 जगह अचानक बाढ़ और 45 जगह बादल फटने की घटनाएं हुई हैं।



# उत्तराखंड में हादसे का शिकार हुए संभल के एसडीएम; पति-पत्नी गंभीर हालत में यूपी रेफर

### डिवाइडर से टकराने के बाद कई बार पलटी कार, गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त

नैनीताल **(एजेंसी)**। उत्तराखंड के नैनीताल जिले में रामनगर के पास एक कार सड़क पर लगे डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। जिसके कारण उसमें सवार उत्तर प्रदेश के संभल जिले के उपजिलाधिकारी विकास चंद्रा और उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस की ओर से दी गयी जानकारी के अनुसार यह हादसा पीरूमदारा में शनिवार देर रात हुआ, जब चंद्रा अपनी कार में पत्नी डॉ दीक्षा शर्मा के साथ यात्रा कर रहे थे और उनकी कार राष्ट्रीय राजमार्ग-309 पर लगे डिवाइडर से टकराने के बाद कई बार पलटी। हादसे के समय चंद्रा स्वयं कार चला रहे थे।

पुलिस ने बताया कि हादसे में गंभीर रूप से घायल दंपति को तत्काल पीरूमदारा के एक अस्पताल में ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत को देखते हुए पहले उन्हें उधमसिंह नगर जिले के काशीपुर के एक अस्पताल के लिए और फिर वहां से उत्तर प्रदेश में मुरादाबाद के एक अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। पीरूमदारा के अस्पताल के चिकित्सक डॉ सिद्धार्थ शर्मा ने बताया कि जब पति-पत्नी को लाया गया, दोनों की हालत बहुत नाजुक थी। इस हादसे में कार भी बुरी



तरह क्षतिग्रस्त हो गई है।

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय राजमार्ग का पीरूमदारा वाला हिस्सा दुर्घटनाओं के प्रति बहुत संवेदनशील हो गया है और पिछले केवल एक माह में ही वहां करीब 10 हादसे हो चुके हैं। उन्होंने डिवाइडर के दोषपूर्ण निर्माण, रिफलेक्टिव संकेतों की कमी और खासतौर पर रात के समय अपर्याप्त रोशनी को इस हादसे के लिए जिम्मेदार ठहराया। पुलिस ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को डिवाइडर की स्थिति के बारे में बता दिया गया है। प्रशासनिक अधिकारियों ने भरोसा दिलाया है कि जांच के बाद सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाने तथा भविष्य में हादसों को रोकने के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे।

# पीएम मोदी के संभावित दौरे से पहले राज्यपाल ने शीर्ष अधिकारियों और भाजपा विधायकों के साथ की अहम बैठक

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने रविवार को राजभवन में शीर्ष अधिकारियों और पूर्व मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह समेत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कई विधायकों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस महीने के दूसरे सप्ताह में मणिपुर के संभावित दौरे से पहले यह बैठक महत्वपूर्ण मानी जा रही है। यदि प्रधानमंत्री का मणिपुर का यह दौरा यदि होता है तो यह मई 2023 में राज्य में जातीय हिंसा भड़कने के बाद उनका राज्य का पहला दौरा होगा। अधिकारियों ने बताया कि बैठक में मुख्य सचिव पुनीत कुमार गोयल, सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह और पुलिस महानिदेशक राजीव सिंह भी शामिल हुए। हालांकि बैठक के एजेंडे का आधिकारिक तौर पर खुलासा नहीं किया गया लेकिन भाजपा के एक नेता ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, 'बैठक में हमारी पार्टी की राज्य इकाई की अध्यक्ष ए शारदा देवी भी शामिल हुईं और कई मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संभावित दौरे से संबंधित मामला भी शामिल था।' प्रधानमंत्री 13 सितंबर को नए बैराबी-सैरंग रेलवे का उद्घाटन करने के लिए मिजोरम जा सकते हैं, जिसके बाद वह वहां से इंफाल के लिए उड़ान भर सकते हैं। हालांकि उनकी यात्रा की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।



# ईमेल से मुंबई के नायर अस्पताल और एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, तलाश में जुटी पुलिस

मुम्बई **(एजेंसी)**। मुंबई के नायर अस्पताल और मुंबई हवाई अड्डे को शनिवार को ईमेल के ज़रिए बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिससे हड़कंप मच गया और पुलिस ने जाँच शुरू कर दी। अस्पताल के बारे में यह मेल शनिवार रात लगभग 11 बजे डीन के आधिकारिक आईडी पर पहुँचा। इस धमकी से अस्पताल परिसर में कुछ देर के लिए दहशत और भय का माहौल बन गया। हालाँकि, पुलिस अधिकारियों को कोई संदिग्ध वस्तु या गतिविधि नहीं मिली। अधिकारी अब ईमेल भेजने वाले का पता लगाने में जुटे हैं। यह धमकी अश्विनी कुमार नाम के एक व्यक्ति द्वारा मुंबई शहर को उड़ाने की धमकी देने के कुछ ही दिनों बाद आई है, जिसमें उसने दावा किया था कि शहर भर में वाहनों में कई बम रखे गए हैं। ज्योतिषी नाम के इस व्यक्ति ने खुद को पाकिस्तान स्थित एक जिहादी समूह का सदस्य बताया और यह भी आरोप लगाया कि 14 आतंकवादी शहर में घुस आए हैं।

पुलिस ने उसके पास से सात मोबाइल फोन, तीन सिम कार्ड, छह मेमोरी कार्ड होल्डर, एक बाहरी सिम स्लॉट, दो डिजिटल कार्ड और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान ज़ब्त किया। हाल ही में देश के विभिन्न हिस्सों से बम की धमकियों की खबरों में बढ़ोतरी हुई है। एक अलग घटना में, पटना सिविल कोर्ट को इस सप्ताह की शुरुआत में ईमेल के ज़रिए बम की धमकी मिली थी।

धमकी मिलने पर, अस्पताल प्रशासन ने तुरंत मुंबई पुलिस को सूचित किया। सुरक्षाकर्मियों ने परिसर की गहन तलाशी ली, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक के सबूत नहीं मिले। पुलिस ने ईमेल के स्रोत की पूरी जाँच शुरू कर दी है और भेजने वाले का पता लगाने और उसकी पहचान करने के लिए काम कर रही है।

अधिकारी ईमेल की धमकी से जुड़े सभी सुरागों की सावधानीपूर्वक जाँच कर रहे हैं और अस्पताल और आसपास के इलाकों में गश्त और निगरानी बढ़ा दी गई है। पुलिस जनता से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना देने




का आग्रह करती है। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब हाल के महीनों में मुंबई में अन्य अस्पतालों और महत्वपूर्ण बुनियादी ढाँचों सहित सुरक्षा उपायों में बढ़ोतरी की गई है।

लगभग दो दिन पहले, एक अज्ञात व्यक्ति ने मुंबई हवाई अड्डे को निशाना बनाकर एक धमकी भरा ईमेल भेजा था। पुलिस ने सभी स्थापित प्रोटोकॉल का पालन करते हुए मामला दर्ज कर लिया है और धमकी भरा ईमेल भेजने वाले व्यक्ति की सक्रिय रूप से तलाश कर रही है।

नोएडा निवासी 51 वर्षीय अश्विनी कुमार को मुंबई पुलिस को कथित तौर पर एक फर्जी आतंकी धमकी संदेश भेजने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है, जिसमें दावा किया गया था कि 14 आतंकवादी विस्फोटकों के साथ शहर में घुसपैठ कर चुके हैं। पुलिस ने शनिवार को बताया कि आरोपी ने कथित तौर पर यह संदेश उस व्यक्ति को फंसाने के लिए भेजा था जिसने उसके खिलाफ मामला दर्ज कराया था और बदला लेने के लिए भेजा था।

गुरुवार को, मुंबई पुलिस को एक व्हाट्सएप संदेश मिला जिसमें चेतावनी दी गई थी कि 14 आतंकवादी 34 वाहनों में 400 किलोग्राम आरडीएक्स लेकर मुंबई में घुस आए हैं। संदेश में 'लश्कर-ए-जिहादी' नामक एक समूह का उल्लेख था और शहर में बड़े पैमाने पर होने वाले अनंत चतुर्थी समारोह से कुछ दिन पहले ही खतरे की घंटी बजा दी गई थी।

नोएडा के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त सुमित शुक्ला के अनुसार, सेक्टर 113 पुलिस ने नोएडा से संदेश की उत्पत्ति का पता लगाते हुए, त्वरित कार्रवाई करते हुए अश्विनी कुमार को सेक्टर 79 स्थित उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया और उन्हें मुंबई पुलिस को सौंप दिया।

जांच से पता चला है कि खुद को ज्योतिषी और वास्तु विशेषज्ञ बताने वाले कुमार ने अपने पूर्व मित्र फिरोज के नाम से मुंबई पुलिस को धमकी भरा संदेश भेजा था। फिरोज ने 2023 में पटना में कुमार के खिलाफ मामला दर्ज कराया था, जिसके कारण उन्हें तीन महीने की जेल हुई थी। यह संदेश फिरोज को झूठे मामले में फँसाने और निजी बदला लेने की नीयत से प्रेरित था।

मुंबई पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत वर्ली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया। अधिकारियों ने कुमार से कई मोबाइल फोन, सिम कार्ड और डिजिटल उपकरण जब्त किए। पुलिस ने नागरिकों को अफवाहों पर ध्यान न देने की सलाह दी है और सार्वजनिक सुरक्षा को किसी भी तरह के खतरे से बचाने के लिए कड़ी सुरक्षा और गहन जाँच का आश्वासन दिया है।

# बागेश्वर बाबा बोले- भारत के सभी मुस्लिम कन्वर्टेज हैं, सभी सनातनी!

### असली मुसलमान दूसरे मुल्कों में हैं

छतरपुर **(एजेंसी)**। आगरा में बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की धर्मसभा प्रशासनिक अनुमति न मिलने के कारण रद्द कर दी गई। शनिवार को राज देवम गार्डन में यह कार्यक्रम होना था, लेकिन निर्धारित क्षमता से चार गुना ज्यादा भीड़ जुटने पर जिला प्रशासन ने अनुमति निरस्त कर दी। कार्यक्रम स्थल पर 5 हजार लोगों के बैठने की जगह थी, लेकिन करीब 20 हजार भक्त पहुंच गए। प्रशासन ने आशंका जताई कि अधिक भीड़ के चलते सुरक्षा और व्यवस्था बिगड़ सकती है। इसी कारण कार्यक्रम रद्द किया गया।

आगरा से रवाना होने से पहले धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि भारत में जितने भी मुसलमान हैं, वे सभी कन्वर्टेड हैं। उनके अनुसार, 'असली मुसलमान तो दूसरे मुल्कों में रहते हैं। यहां के सभी मजहब के लोग यदि अपने पूर्वजों की जड़ें खंगालें, तो वे सनातनी ही निकलेंगे।' उन्होंने कहा कि सनातन धर्म का कोई आदि-अंत नहीं है। हजारों साल पहले भी भारत में केवल सनातनी ही रहते थे।

कार्यक्रम स्थगित होने पर धीरेंद्र शास्त्री ने वीडियो संदेश में



कहा 'आज का दिन श्री हनुमानजी का उत्सव होना था, लेकिन भारी भीड़ के कारण प्रशासन ने अनुमति रद्द कर दी। हम जल्द ही आगरा फिर आएंगे और दिव्य दरबार लगाकर कथा करेंगे।'

धीरेंद्र शास्त्री 7 नवंबर से दिल्ली से वृंदावन तक 170 किमी लंबी 'सनातन हिंदू एकता' पदयात्रा निकालेंगे। 16 नवंबर तक चलने वाली इस यात्रा का नाम 'बागेश्वर-बांके बिहारी मिलन' रखा गया है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा विदेशी ताकतों और 'लव जिहाद, लैंड जिहाद, मूत्र जिहाद, थूक जिहाद' जैसी गतिविधियों का विरोध करने और सनातन धर्म की रक्षा के लिए निकाली जा रही है।

# क्षिप्रा नदी में वाहन गिरने से एक पुलिसकर्मी की मौत, दो लापता

उज्जैन **(एजेंसी)**। मध्य प्रदेश के उज्जैन में शनिवार रात एक वाहन के अनियंत्रित होकर क्षिप्रा नदी में गिरने से एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई जबकि दो अन्य लापता हो गए। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस अधिकारी का शव बरामद कर लिया गया है जबकि लापता पुलिसकर्मियों की तलाश की जा रही है। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने बताया कि शनिवार रात उन्हेल थाना प्रभारी अशोक शर्मा, एक महिला और एक पुरुष आरक्षक के साथ एक लापता बच्ची की तलाशी के सिलसिले में निकले थे।

उन्होंने कहा, '' इसी दौरान उनका वाहन अनियंत्रित होकर क्षिप्रा नदी के बड़े पुल से नीचे गिर गया। उन्हेल थाना प्रभारी अशोक शर्मा का शव बरामद कर लिया गया है। एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा मोचन बल) की टीम दोनों आरक्षकों की तलाश कर रही हैं।



# साध्वी प्रज्ञा बोलीं- मां बाप संस्कार नहीं देते इसलिए लड़कियां अर्धनग्न रहती हैं, अनिरुद्धाचार्य के बयानों का किया समर्थन

भोपाल **(एजेंसी)**। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल की पूर्वँ ब्ज सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने कथावाचक अनिरुद्धाचार्य के लिव-इन रिलेशन को लेकर दिए गए विवादित बयान का समर्थन किया है। प्रज्ञा ठाकुर ने कहा कि जब माता-पिता बच्चों को संस्कार नहीं दे पाते, तो बच्चियां अर्धनग्न दिखाई देती हैं और इससे समाज में दुराचार भी बढ़ते हैं। प्रज्ञा ठाकुर 31 जुलाई को मालेगांव ब्लास्ट केस से बरी होने के बाद वृंदावन पहुंचीं। यहां उन्होंने गौरी गोपाल आश्रम में कथावाचक अनिरुद्धाचार्य से मुलाकात की। इस दौरान उनकी बहन उपमा सिंह ठाकुर भी मौजूद रहीं। प्रज्ञा ठाकुर ने कहा कि अनिरुद्धाचार्य ने जो कहा, वह समाज की वास्तविक स्थिति को दर्शाता है। उन्होंने कहा, 'जब समाज में इस तरह के परिदृश्य बढ़ने लगते हैं, तो दुराचार की घटनाएं भी बढ़ती हैं। माताओं को बेटियों को मर्यादा सिखानी चाहिए और पिताओं को बेटों को अनुशासन का महत्व समझाना चाहिए। बेटा-बेटी दोनों पर समान नियम लागू हों।' उन्होंने आगे कहा कि 'घर लौटने का समय हो या अनुशासन से जुड़े नियम, ये सभी बच्चों पर समान रूप से लागू होने चाहिए। अगर ऐसा नहीं होगा तो समाज में विकृति और पाश्चात्य सोच बढ़ेगी और रिश्तों की पहचान तक कठिन हो जाएगी'।

प्रज्ञा ठाकुर ने कहा कि चाहे कोर्ट कुछ भी कहे, लेकिन सनातन धर्म में लिव-इन संबंध स्वीकार्य नहीं हैं। उन्होंने कहा कि शब्दों की मर्यादा बनाए रखना जरूरी है और इस तरह की प्रथाओं का विरोध होना चाहिए। प्रज्ञा ठाकुर ने संयुक्त परिवार को बच्चों के विकास के लिए जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि गुजरात में इसके अच्छे उदाहरण हैं, जहां अधिकांश लोग संयुक्त परिवार में रहते हैं। उत्तर प्रदेश और राजस्थान में भी कुछ हद तक यह परंपरा दिखती है, लेकिन कई राज्यों में लोग अकेले रहना पसंद करते हैं।



# इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका और आयरलैंड के खिलाफ टी-20 टीम की घोषणा की, बेन डकेट को आराम

लंदन **(एजेंसी)**। इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका और आयरलैंड के खिलाफ होने वाले अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैच के लिए ऑलराउंडर सैम करेन को टीम में शामिल किया है, जबकि सभी प्रारूपों के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट को आराम दिया गया है।

ब्रेंडन मैकुलम की कप्तानी में इंग्लैंड की सीमित ओवरों की टीम में पहली बार करेन की वापसी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक और एकदिवसीय सीरीज हारने के बाद हुई है। चयनकर्ताओं ने करेन को उनके कौशल के आधार पर टीम में वापस बुलाया है। उन्होंने मौजूदा टी-20 ब्लास्ट के 15 मैचों में 365 रन और 21 विकेट लिए हैं और इससे पहले, द हंड्रेड में ओवल इनविंसिबल्स के खिताबी अभियान में उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने नौ मैचों में 238 रन और 12 विकेट लिए थे। करेन ने आखिरी बार नवंबर 2024 में वेस्टइंडीज दौरे पर राष्ट्रीय टीम के लिए खेला था।

चयनकर्ताओं को उम्मीद है कि करेन इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती प्रदान करेंगे। चयनकर्ताओं ने इंग्लैंड के न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले डकेट को आराम देने का भी फैसला किया है। 30 वर्षीय डकेट ने भारत के खिलाफ ड्रॉ हुई पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में 462 रन बनाए थे, लेकिन उसके बाद से उनकी फॉर्म खराब चल रही है और वे पिछली 10 पारियों में सिफर् एक बार 20 का आंकड़ा पार कर पाए हैं (द हंड्रेड में आठ और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय में दो रन बनाए है)। इसके अलावा इंग्लैंड ने तेज गेंदबाज मैथ्यू पॉट्स को भी आयरलैंड के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय टी-20 से हटा दिया है ताकि उन्हें काउंटी चैंपियनशिप खेलने और एशेज टीम में चयन के लिए दबाव बनाने का मौका मिल सके। इस महीने की शुरुआत में जेमी ओवरटन के लाल गेंद वाले क्रिकेट को छोड़ने के फैसले के बाद, इस प्रमुख शीतकालीन दौरे में उनके लिए जगह पक्की हो सकती है।



दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इंग्लैंड की टी-20 टीम : हैरी ब्रुक (कप्तान), रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, टॉम बैंटन, जैकब बेथेल, जोस बटलर, ब्रायडन कार्स, सैम करेन, लियाम डॉसन, विल जैक्स, साकिब महमूद, जेमी ओवरटन, आदिल राशिद, फिल सॉल्ट, जेमी स्मिथ और ल्यूक वुड।

आयरलैंड के खिलाफ इंग्लैंड की टी-20 टीम : जैकब बेथेल (कप्तान), रेहान अहमद, टॉम बैंटन, जोस बटलर, सैम करेन, लियाम डॉसन, विल जैक्स, साकिब महमूद, जेमी ओवरटन, आदिल राशिद, फिल सॉल्ट, ल्यूक वुड, जॉर्डन कॉक्स, सन्नी बेकर और टॉम हार्टले

# फिजिक्सवाला ने सेबी के पास अद्यतन आईपीओ दस्तावेज दाखिल किए, 3, 820 करोड़ रुपये जुटाने का इरादा

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। शिक्षा प्रौद्योगिकी यूनिकॉर्न फिजिक्सवाला ने विस्तार और विकास पहल के लिए आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये 3, 820 करोड़ रुपये जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी के पास अद्यतन दस्तावेज दाखिल किए हैं।

शनिवार को दाखिल अद्यतन दस्तावेजों के मसौदे (यूडीआरएचपी) के अनुसार, प्रस्तावित आईपीओ में 3, 100 करोड़ रुपये मूल्य के नए शेयर जारी किए जाएंगे और प्रवर्तकों द्वारा कुल 720 करोड़ रुपये तक की बिक्री पेशकश (ओएफएस) लाई जाएगी। दोनों प्रवर्तक अलख पांडेय और प्रतीक बूब, ओएफएस के जरिये 360-360 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचेंगे।

वर्तमान में, दोनों के पास कंपनी की 40.35-40.35 प्रतिशत हिस्सेदारी है। नोएडा स्थित फिजिक्सवाला ने गोपनीय मार्ग के जरिये मार्च में आईपीओ के लिए दस्तावेज दाखिल किए थे और जुलाई में बाजार नियामक की मंजूरी प्राप्त की थी। इसके बाद, कंपनियों को आरएचपी दाखिल करने से पहले एक अद्यतन डीआरएचपी दाखिल करना आवश्यक है।

फिजिक्सवाला ने कहा कि नए शेयरों से प्राप्त राशि में से 460.5 करोड़ रुपये नए ऑफलाइन और हाइब्रिड केंद्रों की स्थापना पर खर्च किए जाएंगे, और 548.3 करोड़ रुपये मौजूदा केंद्रों के पट्टे के भुगतान के लिए इस्तेमाल किए जाएंगे।

कंपनी अपनी अनुषंगी कंपनी ज़ाइलम लर्निंग में 47.2 करोड़ रुपये का निवेश करेगी, जिसमें नए केंद्रों के लिए 31.6 करोड़ रुपये और पट्टे के भुगतान और छात्रावासों के लिए 15.5 करोड़ रुपये शामिल हैं। इसके अलावा 33.7 करोड़ रुपये उत्कर्ष क्लासेस एंड एडुटेक को उसके केंद्रों के पट्टे के भुगतान के लिए दिए जाएंगे।

200.1 करोड़ रुपये सर्वर और क्लाउड ढांचे के लिए, 710 करोड़ रुपये विपणन पहल के लिए और 26.5 करोड़ रुपये उत्कर्ष क्लासेस में अतिरिक्त हिस्सेदारी हासिल करने के लिए निर्धारित किए गए हैं।

फिजिक्सवाला जेईई, नीट, गेट और यूपीएससी पर केंद्रित प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए परीक्षा तैयारी पाठ्यक्रम प्रदान करती है। साथ ही यह ऑनलाइन मंच (यूट्यूब, वेबसाइट और ऐप), तकनीक-सक्षम ऑफलाइन केंद्रों और हाइब्रिड केंद्रों के माध्यम से कौशल विकास कार्यक्रम भी प्रदान करती है, जो ऑनलाइन शिक्षण को व्यक्तिगत सहायता के साथ जोड़ते हैं।

# क्रिकेट के बाद धोनी की फिल्मों में जबरदस्त एंट्री द चेज के टीजर में गोलियां चलाते आए नजर

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। पूर्व भारतीय कप्तान और महान विकेटकीपर बल्लेबाज अब फिल्मों में नजर आएंगे। काफी लम्बे समय से धोनी के फिल्म जगत में खबरें आ रही थी और अब धोनी की फिल्म का टीजर रिलीज किया गया है। क्रिकेट के बाद अब धोनी 'द चेज' में दिखाई देंगे। माधवन द्वारा शेयर किए गए 'द चेज' के टीजर में धोनी गोलियां चलाते हुए नजर आए।

इस फिल्म का निर्देशन वासन बाला ने किया है, जिन्होंने इससे पहले आलिया भट्ट और वेदांग रैन की 'जिग्रा' का निर्देशन किया था। इस क्लिप में माधवन और धोनी काले रंग के कपड़े और धूप का चश्मा पहने, बंदूकें पकड़े हुए दिखाई दे रहे हैं। माधवन ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'एक मिशन। दो लड़ाके। कमर कस लीजिए - एक रोमांचक, धमाकेदार चेज की शुरूआत। 'द चेज' का टीजर अब रिलीज़ हो गया है। वासन बाला द्वारा निर्देशित। जल्द आ रही है।'



गौर हो कि धोनी ने 15 अगस्त 2020 को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था और अब वह छ्रश्व में ही नजर आते हैं। धोनी ने कुल 538 मैच खेले हैं जिसमें 90 टेस्ट, 350 वनडे, और 98 टी20 इंटरनेशनल मैच शामिल हैं। धोनी ने 38.09 की औसत के साथ 6 शतकों और 33 अर्धशतकों सहित टेस्ट में 4, 876 रन बनाए हैं। वनडे में उन्होंने 50.58 की औसत से कुल 10, 773 रन बनाए हैं जिसमें 9 शतक और 73 अर्धशतक शामिल हैं। टी20आई में धोनी ने 37.60 की औसत और दो अर्धशतकों सहित 1, 617 रन बनाए हैं। विकेटकीपिंग के मामले में धोनी ने टेस्ट में 256 कैच और 38 स्टंप्स उड़ाए हैं। वहीं वनडे मे यह आंकड़ा 321 कैचों और 123 स्टंपिंग तक जाता है। धोनी ने टी20आई में 57 कैच और 34 स्टंप्स उड़ाए हैं।

# स्पिनर को मिली राहत, आईसीसी ने संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन पर दी क्लीन चिट

दुबई **(एजेंसी)**। दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर प्रेनेलन सुब्राहन को रविवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन पर क्लीन चिट मिल गई जिससे वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में गेंदबाजी जारी रख सकते हैं। पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के केर्न्स में 19 अगस्त को हुए पहले वनडे में उनके अवैध गेंदबाजी एक्शन की शिकायत की गई थी। इसके बाद 26 अगस्त को ब्रिस्बेन के राष्ट्रीय क्रिकेट केंद्र में उनका स्वतंत्र गेंदबाजी मूल्यांकन किया गया। इसमें पता चला कि उनकी सभी गेंदों में कोहनी आईसीसी के गेंदबाजी नियमों के अंतर्गत 15 डिग्री के भीतर ही मुड़ी थी। आईसीसी ने एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा, 'आईसीसी ने आज पुष्टि की है कि दक्षिण अफ्रीकी स्पिनर प्रेनेलन सुब्रायन का गेंदबाजी एक्शन वैध पाया गया है और यह खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में गेंदबाजी जारी रख सकता है।' इस ऑफ स्पिनर ने अब तक दक्षिण अफ्रीका के लिए जिम्बाब्वे में एक टेस्ट और ऑस्ट्रेलिया में एक वनडे सहित केवल दो अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं।



# यूएस ओपन 2025 : आर्यना सबालेंका लगातार दूसरी बार बनीं यूएस ओपन चैंपियन

## अमांडा अनिसिमोवा को किया पराजित

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। दुनिया की नंबर-1 बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने यूएस ओपन 2025 में महिला सिंगल्स का खिताब अपने नाम किया है। शनिवार को न्यूयॉर्क के आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए फाइनल में आर्यना सबालेंका ने यूएस की अमांडा अनिसिमोवा को 6-3, 7-6 से हराया। आर्यना को आठवीं वरीयता हासिल अनिसिमोवा के खिलाफ मुकाबला जीतने में 1 घंटा और 34 मिनट लगे।

आर्यना सबालेंका लगातार दूसरी बार यूएस ओपन चैंपियन बनी हैं। उन्होंने पिछले साल भी यहां पर खिताब जीता था। 2014 के बाद ऐसा पहला मौका है जब यूएस ओपन के महिला सिंगल्स में किसी खिलाड़ी ने अपना टाइटल डिफेंड किया। सबालेंका का ये चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब रहा।

आर्यना दो बार ऑस्ट्रेलिया ओपन भी जीत चुकी हैं। दूसरी तरफ अमांडा अनिसिमोवा लगातार दूसरा ग्रैंड स्लैम फाइनल खेल रही थीं लेकिन वो फिर खिताब नहीं जीत सकीं। विम्बलडन 2025 के विमेंस सिंगल्स फाइनल में अनिसिमोव को पोलैंड की इगा स्वियातेक के हाथों 0-5, 0-6 से करारी शिकस्त झेलनी पड़ी थी।

27 साल की आर्यना सबालेंका ने पहले सेमीफाइनल में यूएस की जेसिका पेगुला को 4-6, 6-3, 6-4 से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई थी। वहीं 24 वर्षीय अमांडा अनिसिमोवा ने सेमीफाइनल में जापानी खिलाड़ी नाओमी ओसाका को 6-7, 7-6, 6-3 से हराया था।



# पाकिस्तान करेगा त्रिकोणीय टी20 श्रृंखला में मेंजबानी, अफगानिस्तान-श्रीलंका के खिलाफ शेड्यूल जारी

इस्लामाबाद **(एजेंसी)**। पाकिस्तान नवंबर में अपनी पहली टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला की मेजबानी करेगा जिसमें अफगानिस्तान और श्रीलंका भी हिस्सा लेंगे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के मुख्य परिचालन अधिकारी सुमैर अहमद सैयद ने रविवार को बयान में कहा, 'हम पाकिस्तान की पहली टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला में श्रीलंका और अफगानिस्तान की मेजबानी करने के लिए उत्सुक हैं।' उन्होंने कहा, 'यह प्रतियोगिता ना केवल अगले साल के आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए बेहतरीन मौका देगी बल्कि प्रशंसकों को अलग-अलग जगहों पर रोमांचक क्रिकेट भी देखने को मिलेगा।' तीनों टीम एक-दूसरे से दो बार खेलेंगी जिसके बाद शीर्ष दो टीम 29 नवंबर को लाहौर में फाइनल खेलेंगी।

त्रिकोणीय श्रृंखला की शुरुआत 17 नवंबर को रावलपिंडी में होगी जब पाकिस्तान का सामना अफगानिस्तान से होगा। रावलपिंडी के लाहौर में भी श्रृंखला के मुकाबले होंगे। अफगानिस्तान पहली बार पाकिस्तान में टी20 मैच खेलेगा।



# एयर इंडिया समूह के संचालन के पैमाने और आकार को देखते हुए घटना दर पूरी तरह से सामान्य : विल्सन

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। हाल ही में हुई एयर इंडिया के कुछ विमानों से जुड़ी घटनाओं के बीच एयरलाइन के प्रमुख कैंपबेल विल्सन ने कहा है कि एयर इंडिया समूह के बड़े आकार को देखते हुए ऐसी घटनाओं का होना पूरी तरह से सामान्य है।

विमानन कंपनी अपनी केबिन क्रू को उड़ानों के दौरान सेवा में कमी की भरपाई के लिए यात्रियों को ई-वाउचर देने की अनुमति देने की योजना बना रही है। यह योजना यात्रियों द्वारा सेवा संबंधी समस्याओं, तथा कुछ विमानों में तकनीकी खराबी के कारण उड़ानों के रद्द होने और देरी की शिकायत की पृष्ठभूमि में बनाई गई है।

विल्सन ने कहा कि सभी एयरलाइन कंपनियों की तरह, इसे भी विभिन्न प्रकार की परिचालन स्थितियों का सामना करना पड़ता है, जिनमें से कुछ इसके नियंत्रण में हैं और कुछ नहीं।

उन्होंने पांच सितंबर को कर्मचारियों को एक संदेश में कहा, ''जब हम पर ध्यान केंद्रित होता है, तो समय पर, स्पष्ट और सटीक जानकारी और सही संदर्भ प्रदान करना महत्वपूर्ण है। इसलिए, हाल के हफ्तों में, हम घटनाओं और घटनाओं की रिपोर्ट करने में सामान्य से भी अधिक पारदर्शी रहे हैं, चाहे वे कितनी भी छोटी क्यों न हों।''

उनके अनुसार, यह पारदर्शिता समय के साथ, विश्वास बनाने में मदद करेगी। उन्होंने कहा, ''शुरुआत में जब हम हर छोटी-बड़ी घटना की जानकारी खुले तौर पर देते हैं, तो जाहिर है कि खबरों में हमारा जिक्र बढ़ जाता है। एयर इंडिया समूह हर दिन 1, 200 से ज्यादा उड़ानें संचालित करता है, लगभग हर मिनट एक उड़ान। ऐसे में यह सब कुछ ज्यादा लग सकता है। लेकिन हमारे काम के पैमाने और आकार को देखते हुए, ये घटनाएं सामान्य हैं।''



एयर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक ने यह भी कहा कि विमानन कंपनी ने अपनी फ्रंटलाइन टीमों को यह अधिकार दिया है कि जब सेवा में कोई कमी हो जाए तो वे यात्रियों को ई-वाउचर दे सकते हैं ताकि उनकी परेशानी का तुरंत समाधान किया जा सके।

उन्होंने कहा, ''हम अपने केबिन क्रू को भी यह क्षमता प्रदान करने के लिए काम कर रहे हैं, ताकि वे यात्रा के दौरान ग्राहकों को तत्काल समाधान प्रदान कर सकें।'' एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस से मिलकर बना एयर इंडिया समूह, प्रतिदिन 1, 200 से ज़्यादा उड़ानें संचालित करता है।

# डेयरी और कृषि से जुड़े सामानो पर जीएसटी में कटौती से 10 करोड़ किसानों को फायदा

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। डेयरी उत्पादों, कृषि से जुड़े सामानों और खाद्य प्रसंस्करण की चीजों पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कटौती से 10 करोड़ से ज्यादा डेयरी किसानों को सीधा फायदा होगा और सहकारिता क्षेत्र को मजबूती मिलेगी। सहकारिता मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि जीएसटी की दरों में बदलाव से उर्वरक बनाने में लगने वाले उल्टे कर ढांचे की समस्या खत्म होगी और इससे किसानों के लिए कीमतों में बढ़ोतरी को रोकने में मदद मिलेगी तथा बुआई के मौसम में उन्हें समय पर जरूरी चीजें मिल पाएंगी।

बयान के मुताबिक, डेयरी किसानों के लिए, दूध और पनीर पर जीएसटी से छूट मिलने के साथ-साथ प्रसंस्करण उपकरणों पर दरें कम होने से किसानों और डेयरी सहकारी समितियों दोनों का मुनाफा बढ़ने की उम्मीद है। अमूल जैसे प्रमुख डेयरी ब्रांडों ने भी इस फैसले का स्वागत किया है। बयान के अनुसार, ट्रैक्टर और उसके पुर्जों की कीमतों में कमी का मुख्य तौर पर छोटे किसानों को फायदा होगा, जो मिश्रित खेती और पशुपालन में लगे हैं।

बयान में कहा गया है कि इन ट्रैक्टरों का इस्तेमाल आमतौर पर चारे की खेती और खेत की पैदावार को एक जगह से दूसरी जगह ले जाने के लिए होता है। बयान के मुताबिक, यह फैसला अर्ध-शहरी और ग्रामीण इलाकों में मांग को बढ़ाने, जरूरी खाने-पीने की चीजों पर परिवारों का खर्च कम करने और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए लिया गया है।



# कभी पैसों की बचत करने के लिए बस से ट्रेवल करती थीं राधिका आप्टे, आज करोड़ों की मालकिन हैं अभिनेत्री

राधिका आप्टे इंडस्ट्री की बेहतरीन एक्ट्रेस में से एक हैं। उन्होंने साउथ और हिंदी फिल्मों में काम कर अपने अभिनय से लाखों लोगों के दिलों में एक खास जगह बनाई है। हालांकि, बिना किसी गॉडफादर के इस मुकाम तक पहुंचना उनके लिए बिल्कुल भी आसान नहीं था, लेकिन एक्ट्रेस ने कभी हार नहीं मानी और लाइफ में वो सब चीज हासिल की, जिसका सपना आज बहुत से लोग देखते हैं। राधिका आज 7 सितंबर को अपना 40वां जन्मदिन मना रही हैं। ऐसे में चलिए जानते हैं उनकी लाइफ और करियर के बारे में।

राधिका आप्टे का जन्म 7 सितंबर, 1985 को तमिलनाडु के वेल्लोर में एक मराठी परिवार में हुआ था। राधिका के पिता डॉक्टर चारुदत्त आप्टे एक न्यूरोसर्जन हैं। वहीं, एक्ट्रेस की पढ़ाई की बात करें, तो उन्होंने पुणे के फर्ग्युसन कॉलेज से गणित और अर्थशास्त्र में पढ़ाई पूरी की है।

राधिका आप्टे शुरुआत से ही एक्ट्रेस बनना चाहती थीं और बचपन से ही उनका इंटरेस्ट अभिनय की तरफ रहा। ऐसे में उन्होंने अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद और फिल्मों में आने पहले थिएटर की तरफ रुख किया और वहीं से अपना खर्च भी चलाया। एक्ट्रेस ने कभी अपने पिता से पैसे नहीं लिए। थिएटर करने के दौरान वह शेयरिंग रूम में रहती थीं। यहां तक की पैसों की बचत करने के लिए वह अपने शुरुआती दिनों में बस से भी सफर किया करती थीं। एक्ट्रेस का पहला थिएटर एक्ट 'नाको रे बाबा' था।

थिएटर करने के बाद एक्ट्रेस ने साल 2025 में अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की। राधिका आप्टे ने शाहिद कपूर स्टारर फिल्म 'वाह! लाइफ हो तो ऐसी' में काम कर इंडस्ट्री में कदम रखा। इसके बाद उन्होंने साल 2009 में बंगाली फिल्म 'अंतहीन' की और उसी साल दो मराठी मूवीज भी की। हालांकि, एक्ट्रेस को पहचान 2015 के बाद मिली, जब उन्होंने 'बदलापुर', 'हंटर' और 'मांझी- द माउंटेन मैन' जैसी फिल्मों में काम किया। इन फिल्मों में एक्ट्रेस के अभिनय को काफी पसंद किया गया।



राधिका सिर्फ बॉलीवुड और साउथ तक ही सिमित नहीं रहीं। उन्होंने बंगाली, मराठी के साथ-साथ कई इंटरनेशनल प्रोजेक्ट्स में भी काम किया। इसके अलावा राधिका को ओटीटी क्वीन कहा जाता है। उन्होंने 'लस्ट स्टोरीज', 'सेक्रेड गेम्स' और 'घोल' में ऐसा अभिनय किया, जिसके लिए उन्हें इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स के लिए नॉमिनेट किया गया और ऐसा करने वाली वह पहली इंडियन एक्ट्रेस बन गईं।

# मैं दिखा तो रही हूं लेकिन, जब तान्या मित्तल ने प्रेमानंद महाराज से किया सवाल

## अब 'बिग बॉस 19' कंटेस्टेंट की हो रही आलोचना

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर तान्या मित्तल इन दिनों रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' का हिस्सा बनी हुईं हैं, जहां उनका गेम लोगों को काफी पसंद आ रहा है। इसके अलावा कई लोग उन्हें ट्रोल भी कर रहे हैं। हालांकि, पिछले दो हफ्तों से होस्ट और अभिनेता सलमान खान उन्हें सपोर्ट करते हुए नजर आ रहे हैं। अब तान्या का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह प्रेमानंद महाराज के सामने बैठकर उनसे सवाल करते हुए नजर आ रही हैं। चलिए जानते हैं कि उन्होंने क्या पूछा। हालांकि, यह वीडियो देखने के बाद भी लोगों ने उनकी आलोचना करनी शुरू कर दी।

बता दें कि 'बिग बॉस 19' कंटेस्टेंट तान्या मित्तल सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और यूपी के मंदिरों से कंटेंट बनाकर लोगों को दिखाती हैं। इस दौरान वह वृन्दावन, अयोध्या समेत कई जगहों के मंदिरों में जाती हैं और वहां जाकर संत-महात्माओं से मिलती हैं। अब उनका एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह प्रेमानंद महाराज से मुलाकात करते हुए नजर आ रही हैं।

इस दौरान तान्या उनके आश्रम पहुंचीं और आध्यात्मिक गुरु से सवाल किया था, 'आज खूब नाम है, धन है, सारे सुख हैं पर कठिनाइयों को पार करते-करते मुझे पता ही नहीं चला कि मैं खुद को खो बैठी हूं। मैं दिखा तो रही हूं लेकिन मैं खुश क्यों नहीं हूं महाराज जी?' इस पर महाराज ने जवाब दिया कि खुशी जगत के किसी भोग में नहीं है, किसी भी वस्तु में नहीं है, किसी व्यक्ति में नहीं है।



इस वीडियो के वायरल होने के बाद अब लोगों ने तान्या की आलोचना करना शुरू कर दिया है। वीडियो के कमेंट में एक यूजर ने लिखा, 'महाराज ये माया है भेष बदल कर आई है।' एक अन्य ने लिखा कि ये सबसे बड़ी फेकू लड़की है, 'बिग बॉस' में समझ आ गया हमें। हालांकि, इन सबके बावजूद कई लोगों को तान्या मित्तल का खेल काफी पसंद आ रहा है।

# सीएम नीतीश ने सिवान को दी बड़ी सौगात, 558 करोड़ की 9 विकासात्मक योजनाओं का किया शिलान्यास एवं कार्यारंभ

पटना (**एजेंसी**)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज सिवान जिला के नारायणपुर मोड़, पचरुखी में आयोजित कार्यक्रम स्थल से 558 करोड़ 35 लाख रुपये लागत की 9 विकासात्मक योजनाओं का शिलान्यास एवं कार्यारंभ किया। इसके अंतर्गत 222 करोड़ 1 लाख रुपये की लागत से 220/132/33 केवी ग्रिड, उपकेन्द्र मैरवा एवं सम्बद्ध लाईन 'बे' का निर्माण, 120 करोड़ 48 लाख रुपये की लागत से पचरुखी बाईपास मोहम्मदपुर मोड़ (एन0 एच0-531) से छपिया-टेढ़ी घाट-गोपालपुर (एनएच-227) पथ का चौड़ीकरण, 92 करोड़ 16 लाख रुपये की लागत से राज्य उच्च पथ स0 89 (बबुनिया सिसवन रोड) पर सिवान यार्ड (सिवान रेलवे स्टेशन से पचरुखी रेलवे स्टेशन के बीच अवस्थित लेवल क्रॉसिंग संख्या-91 एसपीएल पर रेल ओवरब्रिज का निर्माण कार्य शामिल है।

साथ ही मुख्यमंत्री ने 67 करोड़ 47 लाख रुपये की लागत से सिवान आंदर पथ का चौड़ीकरण, 18 करोड़ 26 लाख रुपये की लागत से भण्टापोखर जीरादेई पथ का भाया जामापुर बाजार तक चौड़ीकरण, 10 करोड़ 12 लाख रुपये की लागत से सोनकारा, आन्दर में 33/11 के0वी0 विद्युत शक्ति उपकेंद्र का निर्माण, 9 करोड़ 83 लाख की लागत से माधोपुर, महाराजगंज में 33/11 केवी विद्युत शक्ति उपकेंद्र के निर्माण, 9 करोड़ 43 लाख रुपये की लागत से मशरख-महाराजगंज 132 के0वी0 संचरण लाइन का द्वितीय सर्किट स्ट्रिंगिंग एवं सम्बद्ध लाईन 'बे' के निर्माण, 8 करोड़ 49 लाख की लागत से सिवान ग्रिड उपकेन्द्र में 80 एमवीए ट्रांसफार्मर के अधिष्ठापन कार्य का शिलान्यास/कार्यारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने सिवान के नारायणपुर मोड़, पचरुखी स्थित कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में उपस्थित पेंशनधारी लाभुकों, जीविका दीदियों एवं अन्य लाभुकों के साथ संवाद किया। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। वहां उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि वृद्धजनो, दिव्यांगजनों एवं विधवा महिलाओं की पेंशन राशि को 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये कर दिया गया है। इससे सभी लोग खुश हैं। घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली फ्री करने से लोगों को बहुत फायदा हो रहा है। वे लोग बचत राशि का उपयोग अन्य विकास कार्यों में कर रहे हैं। जीविका दीदियों ने महिलाओं के उत्थान की दिशा में सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया। इस दौरान ममता बहनों ने प्रोत्साहन राशि में दो गुना बढ़ोतरी किये जाने पर तथा आशा कार्यकर्ताओं ने प्रोत्साहन राशि तीन गुना वृद्धि किए जाने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। मिड डे मील रसोइया, गृह रक्षा वाहिनी के लोगों ने भी मानदेय में वृद्धि को लेकर मुख्यमंत्री का आभार जताया।




लाभार्थियों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी बुलंदी के साथ रहिए और आगे बढ़िए। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर स्तर पर काम किया जा रहा है। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी आप सभी जीविका दीदियां बहुत अच्छा काम कर रही हैं। आप लोग मन लगाकर काम करें, सरकार आप लोगों की हर संभव मदद कर रही है। अपने परिवार की तरक्की कीजिए और बिहार के विकास में अपना अहम योगदान दीजिए।

# महाराष्ट्र में गणेश विसर्जन पर छाया मातम, करंट और पानी में डूबने से 5 की मौत, 13 लोग हुए लापता

मुम्बई (**एजेंसी**)। रविवार को मुंबई में गणेश प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान बिजली का झटका लगने से 36 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि पाँच अन्य अस्पताल में भर्ती हैं। यह घटना साकीनाका के खैरानी रोड पर सुबह करीब 10.45 बजे हुई, जब एक लटकता हुआ बिजली का तार गलती से गणपति की मूर्ति को छू गया। स्थानीय पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मूर्ति के पास खड़े छह श्रद्धालुओं को बिजली के झटके लगे।

स्थानीय लोगों ने घायलों को पास के निजी अस्पतालों में पहुँचाया, जबकि एक व्यक्ति को नगर निगम द्वारा संचालित सेवन हिल्स अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने बिनु सुकुमारन कुमारन (36) को मृत घोषित कर दिया। बाकी पाँच लोगों, सुभांशु कामत (20), तुषार गुप्ता (20), धर्मराज गुप्ता (49), करण कनौजिया (14) और अनुष गुप्ता (6) को पैरामाउंट अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ उनकी हालत स्थिर बताई गई है।

इसके अलावा महाराष्ट्र के



विभिन्न जिलों में गणेश उत्सव के समापन के बाद मूर्तियों के विसर्जन के दौरान कम से कम चार लोग डूब गए और 13 अन्य लापता हो गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि पुणे जिले के चाकन क्षेत्र में तीन अलग-अलग घटनाओं में चार लोग अलग-अलग जलाशयों में बह गए। उन्होंने कहा कि दो लोग वाकी खुर्द में भामा नदी में और एक शेल पिंपलगांव में बह गया तथा एक अन्य व्यक्ति पुणे ग्रामीण के बिरवाड़ी में एक कुएं में गिर गया।

अधिकारी ने बताया कि चार लोगों में से दो के शव अब तक बरामद कर लिए गए हैं तथा अन्य दो की तलाश जारी है। नांदेड़ जिले के गडेगांव में एक नदी में तीन लोग बह गए। पुलिस ने बताया कि बाद में एक व्यक्ति को बचा लिया गया और अन्य दो की तलाश जारी है। उन्होंने बताया कि नासिक में चार लोग इसी तरह की त्रासदी का शिकार हुए और उनमें से एक का शव सिन्नार में बरामद किया गया।

पुलिस ने कहा कि जलगांव में अलग-अलग घटनाओं में तीन लोग बह गए और उनका पता लगाने के प्रयास जारी हैं। इसने बताया कि ठाणे जिले में मूर्ति विसर्जन के दौरान तीन लोग बह गए और अब तक एक शव बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, एक अन्य घटना में, अमरावती में विसर्जन के दौरान एक व्यक्ति के डूबने की आशंका है। अधिकारियों ने बताया कि राज्य के विभिन्न हिस्सों में लगातार हो रही बारिश के कारण नदियां, झील और अन्य जल निकाय उफान पर हैं, जिसके कारण राज्य आपदा मोचन दल और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) को तैनात किया गया है।

# श्रेय लेने की दौड़ में नहीं, मुख्यमंत्री के साथ टीम की तरह काम कर रहे हैं : उपमुख्यमंत्री शिंदे

मुम्बई (**एजेंसी**)। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि सत्तारूढ़ महायुति सहयोगियों के बीच काम का श्रेय लेने की कोई होड़ नहीं है और वह मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ एक टीम की तरह काम कर रहे हैं।

शिंदे ने यह टिप्पणी शनिवार को प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित पूरे पेज के विज्ञापनों पर पूछे गए सवाल के जवाब में की। इन विज्ञापनों में केवल मुख्यमंत्री फडणवीस को दिखाया गया था।

एक विज्ञापन में फडणवीस को छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए दिखाया गया था, जबकि दूसरे विज्ञापन में उन्हें दस दिवसीय गणपति उत्सव के अंतिम दिन अनंत चतुर्दशी के अवसर पर भगवान गणेश की पूजा करते हुए दिखाया गया था। दोनों विज्ञापनों के नीचे मराठी में 'देवभाऊ' लिखा हुआ था। हालांकि यह पता नहीं चल सका कि ये विज्ञापन किसने दिए।

शनिवार को ठाणे में एक सार्वजनिक समारोह से इतर पत्रकारों ने शिंदे से प्रश्न किया कि क्या ये विज्ञापन मुख्यमंत्री फडणवीस की खुद को मराठा आरक्षण के वास्तुकार के रूप में पेश करने का प्रयास है।

इस पर शिंदे ने कहा, ''हम श्रेय लेने की होड़ में नहीं हैं...चाहे मराठा समुदाय हो या अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदाय, उन्हें न्याय दिलाने का काम महायुति सरकार ने किया है। इस काम की स्वीकार्यता पिछले विधानसभा चुनाव में दिख गई।'' उन्होंने कहा, ''अब देवेंद्रजी और मैंने एक टीम के रूप में अपनी दूसरी पारी शुरू की है। आगे भी हमारा एजेंडा वही रहेगा - राज्य का विकास और गरीबों व ज़रूरतमंदों की मदद करना।



# झारखंड में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में माओवादी मारा गया

रांची (**एजेंसी**)। झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में रविवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक माओवादी मारा गया। नक्सली पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस ने यह जानकारी दी। मुठभेड़ सुबह गोइलकेरा थानाक्षेत्र के बुर्जुवा पहाड़ी पर शुरू हुई।

कोल्हान के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) अनुरंजन किस्पोट्टा ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''सुबह नक्सलियों और सुरक्षा बलों के बीच एक मुठभेड़ हुई। बाद में तलाशी अभियान के दौरान एक शव बरामद किया गया है।''

पुलिस महानिरीक्षक (अभियान) एवं झारखंड पुलिस के प्रवक्ता माइकल राज एस ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''मारे गए नक्सली की पहचान अमित हंसदा उर्फ अप्टन के रूप में हुई है, जो भाकपा (माओवादी) का स्वयंभू जोनल कमांडर था और उस पर 10 लाख रुपये का इनाम था। उन्होंने कहा कि इलाके में तलाशी अभियान अभी जारी है।

एक अन्य अधिकारी ने बताया कि चाईबासा के पुलिस अधीक्षक को गोइलकेरा थानाक्षेत्र के रेलापारल इलाके में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों की टीम ने सुबह तलाशी अभियान चलाया और सुबह करीब छह बजे मुठभेड़ शुरू हुई।

अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों के भारी पड़ने पर नक्सली घने जंगलों में भाग गए। उन्होंने बताया कि बाद में सुरक्षा बलों द्वारा तलाशी अभियान के दौरान नक्सली अमित हंसदा का शव बरामद किया गया, साथ ही वहां एक आग्नेयास्त्र भी मिला।

# प्रज्वल रेवन्ना जेल में लाइब्रेरी क्लर्क के पद पर काम करेंगे, प्रतिदिन 522 रुपये मिलेगा वेतन

बेंगलुरु (**एजेंसी**)। कर्नाटक के हासन के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना को परप्पना अग्रहारा जेल में लाइब्रेरी क्लर्क के रूप में काम आवंटित किया गया है। जेल के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रेवन्ना बलात्कार के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। जेल अधिकारियों के अनुसार, वह इस पद पर काम करने के दौरान साथी कैदियों को किताबें देंगे और उधार ली गई किताबों का रिकॉर्ड रखेंगे। जेल के एक अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''रेवन्ना को निर्धारित कर्तव्यों को पूरा करने पर प्रत्येक दिन के काम के लिए 522 रुपये दिए जाएंगे।

जेल के नियमों के अनुसार, आजीवन कारावास की सजा पाए कैदियों को किसी न किसी प्रकार का श्रम करना पड़ता है और उनके कौशल एवं इच्छा के आधार पर उन्हें काम सौंपा जाता है।''

सूत्रों ने बताया कि रेवन्ना ने प्रशासनिक कार्य संभालने में रुचि दिखाई थी, लेकिन जेल प्रशासन ने उन्हें लाइब्रेरी में तैनात करने का फैसला किया है। उन्होंने बताया कि इस पद पर काम करते हुए उन्हें पहले ही एक दिन बीत गया है।

कैदियों से आमतौर पर महीने में कम से कम 12 दिन काम करने की अपेक्षा की जाती है और यह एक सप्ताह में तीन दिन होता है। रेवन्ना का काम फिलहाल सीमित है, क्योंकि वह अदालती कार्यवाही में भाग लेने और अपने वकीलों से मिलने में अपना समय बिताते हैं।

पूर्व प्रधानमंत्री एच. डी. देवेगौड़ा के पोते और जनता दल (सेक्युलर) के वरिष्ठ नेता एवं होलेनरसीपुरा के विधायक एच. डी. रेवन्ना के बेटे को निचली अदालत ने हाल ही में बलात्कार के एक मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई थी।




# बाढ़ का कहर : पीड़ितों को बचाने निकली नौका पलटी, महिला और चार बच्चों की मौत

इस्लामाबाद (**एजेंसी**)। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बाढ़ पीड़ितों को ले जा रही एक नाव के पलटद जाने से पांच लोगों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना शनिवार शाम लाहौर से लगभग 350 किलोमीटर दूर मुल्तान जिले के जलालपुर पीरवाला में हुई। उन्होंने बताया कि बाढ़ से पाकिस्तान में भारी तबाही हुई है और जून के अंत से अब तक देश भर में बारिश एवं बाढ़ से संबंधित घटनाओं में 900 से ज्यादा लोग जान गंवा चुके हैं। पंजाब के प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के महानिदेशक इरफान अली काठिया ने यहां संवाददाताओं को बताया कि पानी के तेज बहाव के कारण जब बचाव कार्यों में जुटी नाव पलटी, तब उसमें लगभग 30 बाढ़ पीड़ित सवार थे। उन्होंने बताया कि एक महिला और चार बच्चे डूब गए, जबकि बाकी लोगों को बचा लिया गया। अधिकारी ने बताया कि बाढ़ पीड़ितों ने जीवन रक्षक जैकेट नहीं पहनी थी।

उन्होंने बताया, ''पंजाब में 23 अगस्त को बाढ़ शुरू होने के बाद से हमने 25, 000 से ज्यादा सफल नाव बचाव अभियान चलाए हैं और नाव पलटने की यह पहली दुर्भाग्यपूर्ण घटना है।'' अधिकारी ने बताया, ''इस बात की जांच शुरू कर दी गई है कि संबंधित नाव पर बचाए जा रहे सभी बाढ़ पीड़ितों के पास जीवन रक्षक जैकेट क्यों नहीं थीं।'' काठिया ने कहा कि सरकारी और निजी बचाव नौकाओं को किसी भी परिस्थिति में भार से अधिक लोग नहीं बैठाने चाहिए तथा उनमें आवश्यक जीवन रक्षक जैकेट होनी चाहिए।



# जापान में सत्ता संकट! चुनावी झटकों और आंतरिक दबाव के बाद प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने दिया इस्तीफा

टोक्यो (**एजेंसी**)। जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने जुलाई में हुए संसदीय चुनाव में भारी हार की जिम्मेदारी लेने के लिए उनकी पार्टी की ओर से बढ़ती मांग के बाद रविवार को पद छोड़ने की मंशा जाहिर की। जापान के सरकारी टेलीविजन 'एनएचके' की खबर से यह जानकारी मिली। पिछले साल अक्टूबर में पदभार ग्रहण करने वाले इशिबा ने अपनी ही पार्टी के भीतर अधिकतर दक्षिणपंथी विरोधियों की मांगों को एक महीने से अधिक समय तक नजरंदाज किया।

इशिबा का यह कदम ऐसे समय सामने आया है, जब उनकी लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) नेतृत्व चुनाव कराने को लेकर निर्णय करने वाली है। यदि इसे मंजूरी मिल जाती है, तो यह उनके खिलाफ एक प्रकार का अविश्वास प्रस्ताव होगा। प्रधानमंत्री रविवार को देर शाम संवाददाता सम्मेलन कर सकते हैं। 'एनएचके' के अनुसार, इशिबा पार्टी में और फूट न हो, इसके लिए पद से इस्तीफा देना चाहते हैं।

जुलाई में, इशिबा के सत्तारूढ़ गठबंधन को 248 सदस्यीय उच्च सदन में संसदीय चुनाव में बहुमत हासिल नहीं हो सका, जिससे उनकी सरकार की स्थिरता और अधिक कमजोर हो गई। यह फैसला उन्होंने शनिवार को कृषि मंत्री शिंजिरो कोइजुमी और अपने मार्गदर्शक माने जाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा से मुलाकात के बाद लिया। सुगा ने सोमवार को होने वाले मतदान से पहले इशिबा से इस्तीफे की सलाह दी थी। इससे पहले इशिबा ने पद पर बने रहने पर ज़ोर दिया था और कहा था कि जापान जब अमेरिका के शुल्क और अर्थव्यवस्था पर उसके असर, बढ़ती कीमतों, चावल नीति में सुधार और क्षेत्र में बढ़ते तनाव जैसी बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहा है, ऐसे समय में राजनीतिक परिवर्तन से बचना जरूरी है। चुनाव में हार के बाद नेतृत्व परिवर्तन या इशिबा के इस्तीफे की मांगें जोर पकड़ने लगी थीं।



ईशिबा का इस्तीफ़ा जुलाई के चुनावों में एलडीपी को मिली करारी हार के बाद आया है। ईशिबा की एलडीपी के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन ने निचले सदन और उच्च सदन, दोनों में अपना बहुमत खो दिया। एलडीपी 248 सीटों वाले उच्च सदन में बहुमत हासिल करने में विफल रही।

जैसे-जैसे सरकार के प्रति जनता का असंतोष बढ़ता गया, ईशिबा को अपनी पार्टी के भीतर से चुनावी हार की ज़िम्मेदारी लेने की बढ़ती माँगों का सामना करना पड़ा। हालाँकि उन्होंने एक महीने से भी ज़्यादा समय तक एलडीपी के भीतर दक्षिणपंथी गुटों के दबाव का विरोध किया, लेकिन उनके नेतृत्व को लेकर पार्टी के आंतरिक मतभेद लगातार बढ़ते रहे, जिसके कारण अंततः उन्होंने इस्तीफ़ा देने का फ़ैसला किया।

ईशिबा का इस्तीफ़ा एलडीपी द्वारा जल्द नेतृत्व चुनाव कराने के फ़ैसले से ठीक एक दिन पहले आया है। अगर यह फ़ैसला मंजूर हो जाता, तो यह प्रधानमंत्री के खिलाफ़ अविश्वास प्रस्ताव के रूप में सामने आता। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री नोरिहिसा तमुरा ने रविवार को एनएचके के एक टॉक शो में कहा कि पार्टी में विभाजन को रोकने और आगे बढ़ने का सबसे अच्छा तरीका यही है कि इशिबा सोमवार को होने वाले मतदान से पहले इस विवाद को 'सुलझा' लें और उनसे इस्तीफा देने का आग्रह करें। तमुरा ने कहा कि पार्टी पहले ही आर्थिक उपायों पर ज़रूरी काम और अगले संसदीय सत्र में विपक्ष का समर्थन हासिल करने के तरीकों पर काम करने से विचलित हो चुकी है।

गौरतलब है कि इशिबा ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को जापान पर अमेरिकी प्रशासन द्वारा लगाए गए टैरिफ़ को 25इ से घटाकर 15इ करने में भी सफलता प्राप्त की। इशिबा ने यह भी कहा कि उन्होंने अपने मुख्य व्यापार वार्ताकार, रयोसेई अकाज़ावा से ट्रंप को एक पत्र भिजवाया है, जिसमें उन्होंने जापान-अमेरिका गठबंधन के 'स्वर्णिम युग' के निर्माण के लिए उनके साथ काम करने की इच्छा व्यक्त की है और अमेरिकी नेता को जापान आने का निमंत्रण दिया है।

इशिबा के शीर्ष सहयोगी, एलडीपी महासचिव हिरोशी मोरियामा, जो प्रधानमंत्री के पदभार ग्रहण करने के बाद से मुख्य विपक्षी नेताओं के साथ बातचीत करके विधेयक पारित कराने में अहम भूमिका निभा रहे हैं, ने भी चुनाव में हार के बाद 2 सितंबर को पद छोड़ने की इच्छा जताई है, हालाँकि इशिबा ने उन्हें इस्तीफ़ा देने की अनुमति नहीं दी है।

# यूक्रेन में सरकारी इमारत पहली बार बनी निशाना, रूस का सबसे बड़ा ड्रोन हमला, दो की मौत और 15 घायल

कीव (**एजेंसी**)। रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर शनिवार को बड़ी संख्या में ड्रोन और मिसाइल दागीं, जिससे कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। यूक्रेनी अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। इसे फरवरी 2022 में दोनों देशों के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से यूक्रेन पर रूस का सबसे बड़ा हमला माना जा रहा है। रविवार को हुए इस हमले के बाद एक प्रमुख सरकारी इमारत की छत से धुआं उठता दिखाई दिया।

अधिकारियों ने बताया कि रूस ने यूक्रेन पर 805 ड्रोन से हमला किया। यूक्रेन की वायु सेना के प्रवक्ता यूरी इहनाट ने पुष्टि की कि रविवार का हमला यूक्रेन पर पूर्ण आक्रमण शुरू होने के बाद से अब तक का सबसे बड़ा रूसी ड्रोन हमला था। रूस ने विभिन्न प्रकार की 13 मिसाइल भी दागीं। वायु सेना के एक बयान के अनुसार, यूक्रेन ने 747 रूसी ड्रोन और चार मिसाइलों को मार गिराया या निष्क्रिय कर दिया। यूक्रेन में 37 जगहों पर नौ मिसाइल हमले और 56 ड्रोन हमले हुए। मार गिराए गए ड्रोन और मिसाइलों का मलबा आठ जगहों पर गिरा।

'एसोसिएटेड प्रेस' के पत्रकारों ने एक सरकारी इमारत की छत से धुएं का गुबार उठता देखा, लेकिन यह स्पष्ट नहीं हो सका कि यह धुआं हमले के कारण उठा या अन्य कोई कारण है। माना जा रहा है कि अगर धुआं किसी हमले के कारण उठा, तो रूस ने हवाई हमले तेज किए हैं। रूस अब तक शहर के केंद्र में सरकारी इमारतों को निशाना बनाने से बचता रहा है। यह इमारत यूक्रेन के मंत्रिमंडल का मुख्यालय है, जहां उसके मंत्रियों के कार्यालय स्थित हैं। दमकल गाड़ियों और एम्बुलेंस के पहुंचने पर पुलिस ने इमारत में प्रवेश रोक दिया। यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया कि हमले में दो लोग मारे गए और 15 घायल हुए। यूक्रेन की प्रधानमंत्री यूलिया स्विरीडेंको ने कहा, ''पहली बार दुश्मन के हमले में सरकारी इमारत को नुकसान पहुंचा है। हम इमारतों का जीर्णोद्धार करेंगे, लेकिन जो जानें चली गईं, उन्हें वापस नहीं लाया जा सकता।''



कीव के मेयर विटालि क्लिट्स्को के मुताबिक, रूसी ड्रोन का मलबा स्वियातोशिन्स्की में नौ मंजिला आवासीय इमारत और डार्नित्स्की में चार मंजिला आवासीय इमारत पर गिरा। यह हमला ऐसे समय में हुआ है, जब यूरोपीय नेताओं ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर युद्ध समाप्त करने की दिशा में कदम उठाने का दबाव बढ़ा दिया है। इससे पहले, यूक्रेन के 26 सहयोगी देशों ने युद्ध समाप्त होने के बाद वहां 'आश्वासन बल' के रूप में सेना तैनात करने का वादा किया था।

# भुखमरी से जूझ रहे गाजा पर गिरी गाज, इजराइली सेना का सख्त फरमान-तुरंत खाली करो शहर

यरुशलम (**एजेंसी**)। इजराइल की सेना ने भुखमरी की कगार पर पहले ही पहुंच चुके गाजा शहर के फलस्तीनियों को शनिवार को निर्देश दिया कि वे शहर को खाली कर दक्षिण स्थित मानवीय क्षेत्र में चले जाएं। इजराइल ने शनिवार को इसी के साथ शहर की बहु मंजिला इमारतों को निशाना बनाया। सहायता समूहों ने चेतावनी दी है कि गाजा शहर से बड़े पैमाने पर लोगों को निकालने से मानवीय संकट की स्थिति और विकराल हो सकती है। खाद्य संकट के मद्देनजर दुनिया के अग्रणी संगठन ने शहर को अकालग्रस्त घोषित कर दिया है।

अधिकांश परिवार लगभग दो वर्ष से चल रहे इजराइल-हमास युद्ध के कारण कई बार विस्थापित हो चुके हैं और उनका कहना है कि उनके पास जाने के लिए कोई स्थान नहीं बचा है, क्योंकि इजराइली सेना ने बार-बार उन शिविरों पर बमबारी की है, जिन्हें उसने मानवीय क्षेत्र घोषित किया था। इजराइली सैन्य प्रवक्ता अविचेय अद्रेई ने शनिवार को फलस्तीनियों से गाजा पट्टी के दक्षिण की ओर जाने को कहा। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि सेना ने मुवासी के अस्थायी शिविर और दक्षिणी शहर खान यूनिस के कुछ हिस्सों को मानवीय क्षेत्र घोषित किया है। इजराइल ने मानवीय क्षेत्र की पुनःरेखांकित सीमाओं के भीतर खान यूनिस के मोहल्लों का एक नक्शा साझा किया, जिसमें नासिर अस्पताल वाले जिले को भी शामिल किया गया है। पिछले हफ्ते इजराइल ने इस अस्पताल पर हमला किया था जिसमें 22 लोग मारे गए थे। अद्राई ने कहा कि फलस्तीनी गाजा शहर से खान यूनिस तक तथा शहर के पश्चिम में स्थित मुवासी तक बिना तलाशी के एक निर्धारित सड़क के माध्यम से जा सकेंगे। सहायता समूहों ने मुवासी में आश्रय, स्वच्छता, पानी और भोजन की कमी पर चिंता जताई है। महीनों से चल रही बमबारी ने खान यूनिस में नागरिक बुनियादी ढांचे को तहस-नहस कर दिया है। इजराइली सेना ने एक बयान में कहा कि वह नए नामित मानवीय क्षेत्र में क्षेत्रीय अस्पताल, पानी की पाइपलाइन और खाद्य आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए काम करेगी। संयुक्त राष्ट्र ने शनिवार को कहा कि उसके कर्मचारी गाजा शहर में बने रहेंगे, ताकि शहर पर इजराइल के नए हमले में फंसे फलस्तीनियों को आवश्यक सहायता प्रदान की जा सके।

Facebook: https://www.facebook.com/profile.php?id=100063787346044 | Twitter: https://twitter.com/mantrabharat?t=8tJONQ7H-h6EKqqap2tVMw&s=08 | Mobile No: 7007837917

मंत्र भारत : R.N.I. UPHIN/2012/52437 स्वात्वाधिकारी राकेश शर्मा के लिए राकेश शर्मा द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स टिकरी, कमला नगर, प्रयागराज से मुद्रित एवं 80-ए मेहदौरी, तेलियरगंज, प्रयागराज-211004 से प्रकाशित एवं सम्पादित।
● सम्पादक विनीता शर्मा ● मोबाइल : 9415975437, 7007837917, 9415223357 ● E-Mail : editormantrabharat@gmail.com ● वैधानिक सूचनाः- मंत्र भारत से संबंधित समस्त विवाद निपटारे का क्षेत्र प्रयागराज न्यायालय होगा।